तापमान

अधिकतम 40.3 डिग्री

न्यूनतम 20.2 डिग्री

हरिभूमि

# बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार 28 मार्च 2025



नियमित सफाई न होने से सड़क के किनारे कचरे का ढेर लगा रहा है।



## खबर संक्षेप

### हिंदू नव वर्ष आयोजन समिति की बैठक आज




**बिलासपुर।** हिंदू नव वर्ष आयोजन समिति की बैठक 28 मार्च को शाम 5 बजे खाटू श्याम मंदिर प्रांगण में होगी। समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि हिंदू नव वर्ष आयोजन समिति द्वारा नव वर्ष पर निकलने वाली शोभायात्रा का संचालन सुचारु रूप करने एवं सभी अपने कार्यों का दायित्व आपस में विभाजित कर सके। इस संदर्भ में अंतिम महा बैठक 28 मार्च को होगी। समिति ने सभी सनातनियों एवं धर्म प्रेमियों से इस बैठक में शामिल होने का अनुरोध किया है।

### सिंधी पंचायत का भूमि पूजन कार्यक्रम 30 को

**बिलासपुर।** पूज्य बिरादरी सिंधी पंचायत की भूमि का भूमि पूजन कार्यक्रम चेट्रीचण्ड्र के शुभ अवसर पर 30 मार्च को सुबह 6 बजे से 8 बजे तक विनोबा नगर गली नंबर आर-8 गार्डन के पास होना निर्धारित है। पूजन पश्चात प्रसाद वितरण होगा। भूमि पूजन अवसर पर मेयर पूजा विधानी, सिन्धी समाज की संस्थाओं के अध्यक्ष व गणमान्य एवं पूज्य सिंधी बिरादरी पंचायत के सदस्य आमंत्रित हैं।

### राशन कार्ड निरस्तीकरण बंद, भटक रहे हितग्राही

**बिलासपुर।** खाद्य विभाग ने नया राशन कार्ड बनाने का काम नगर निगम को सौंप दिया है, लेकिन राशन कार्ड निरस्तीकरण अभी भी विभाग के हाथों में है। विभाग के पोर्टल में गड़बड़ी के कारण सैकड़ों निरस्तीकरण के आवेदन पेंडिंग है। पिछले 4 माह से निरस्तीकरण और पुनः राशन कार्ड बनाने की प्रक्रिया थमी हुई है, जिसके कारण हितग्राहियों को जोन और खाद्य विभाग के कार्यालय के चक्कर लगाने पड़ रहे है।

### स्ट्रीट लाइट बंद, शिकायत के बाद भी नहीं सुधरी

**बिलासपुर।** सरजू बगीचा गली और मसानगंज जाने वाले मार्ग में कई दिनों से स्ट्रीट लाइट बंद है। इसी शिकायत नगर निगम के अधिकारियों से की गई है लेकिन बावजूद इसके अबतक सुधार कार्य नहीं कराया जा सका है। शाम होते ही सड़क पर अंधेरा छा जाता है, वहीं आवारा कुत्तों का आंतक मंडराने लगता है जिसके चलते राहगीरों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। खास बात यह है कि हाल ही में निगम चुनाव में वोट मांगने निकलने वाले क्षेत्र के छुटभईयां नेताओं को भी इसकी फिक्र नहीं है, चुनाव जीतने के बाद मोहल्लों का हाल जस का तस बना हुआ है।

### डोंगरगढ़ स्टेशन में ट्रेन स्टापेज की सुविधा 6 तक

**बिलासपुर।** प्रति वर्ष की तरह इस वर्ष भी चैत्र नवरात्रि के दौरान 30 मार्च से 6 अप्रैल तक मां बम्लेश्वरी मंदिर डोंगरगढ़ में मेले का आयोजन होगा। इस नवरात्रि पर मेला जाने वाले दर्शनार्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए रेल प्रशासन ने ट्रेनों का अस्थायी ठहराव, स्पेशल ट्रेन और कुछ ट्रेनों का विस्तार डोंगरगढ़ तक करने का आदेश दिया है। इन ट्रेनों में गोंदिया-दुर्ग और दुर्ग-गोंदिया मेमू पैसेंजर को रायपुर तक, रायपुर-डोंगरगढ़ और डोंगरगढ़ से रायपुर मेमू पैसेंजर को रेस्टोरेशन कर गाड़ी को गोंदिया तक विस्तार किया गया है। इसके अलावा डोंगरगढ़-दुर्ग और दुर्ग-डोंगरगढ़ मेमू पैसेंजर स्पेशल और दुर्ग-रायपुर और रायपुर से दुर्ग के बीच मेमू पैसेंजर स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जाएगा।

# प्रधानमंत्री 33 हजार करोड़ के विकास कार्यों की देंगे सौगात : सीएम

- प्रधानमंत्री के आगमन के लिए बने हेलीपैड, मंच व बैठक व्यवस्था का किया अवलोकन
- पीएम जनमन योजना से बिरहोर बैगा व कोरवा जनजातियों के विकास में आई तेजी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का छत्तीसगढ़ आगमन हमारे लिए बड़े सौभाग्य की बात है। नवरात्र के शुभ दिन में उनका आगमन हो रहा है, जो छत्तीसगढ़ के विकास के लिए एक शुभ संकेत है। हमने प्रधानमंत्री से दिल्ली में मुलाकात कर उन्हें छत्तीसगढ़ आने का न्योता दिया था। हमने कहा कि काफी दिन हो गए छत्तीसगढ़ की जनता आपको नजदीक से देखना और स्वागत करना चाहती है। उन्होंने आने की सहमति दी और तब से यहां उनके आगमन की तैयारी जोर-जोर से शुरू हुई।

मोहभठ्ठा में प्रधानमंत्री के आगमन की तैयारी का जायजा लेने पहुंचे मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने बताया कि उपमुख्यमंत्री अरुण साव के नेतृत्व में बिलासपुर में प्रधानमंत्री के 30 मार्च को कार्यक्रम की तैयारी चल रही है। उन्होंने प्रधानमंत्री के आगमन के लिए बने हेलीपैड, मंच व बैठक व्यवस्था का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि यह प्रधानमंत्री का अब तक का छत्तीसगढ़ का सबसे बड़ा कार्यक्रम है। पांच विशाल डोम इसमें सजाए गए हैं। प्रधानमंत्री के स्वागत के लिए पूरे प्रदेश में अपूर्व उत्साह का माहौल है। बिलासपुर में आयोजित यह कार्यक्रम राज्य स्तरीय बड़ा कार्यक्रम है। पूरे राज्य भर से बड़ी संख्या में लोग पहुंचेंगे। लगभग 2 लाख लोगों के आने की संभावना है।

लगभग 33 हजार करोड़ के विकास कार्यों की सौगात प्रधानमंत्री देंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि पीएम जनमन योजना का प्रदेश में बहुत अच्छे तरीके से संचालन हो रहा है। बिरहोर बैगा, पहाड़ी कोरवा जनजातियों के विकास की गति इससे तेज हुई है। उन्होंने समारोह की बेहतर तैयारी के लिए जिला प्रशासन बिलासपुर की सराहना की। उन्होंने कहा कि तैयारी के पल-पल की जानकारी मुझे है। चूंकि प्रधानमंत्री बड़े अरसे बाद स्वयं यहां आने वाले हैं इसलिए मैं नजदीकी से तैयारी का जायजा लेने पहुंचा हूं। उन्होंने कहा कि यहां आने वाले हितग्राहियों को कोई परेशानी ना हो। सबको उनके घर से लाने और वापस घर पहुंचाने की जिम्मेदारी प्रशासन एवं अधिकारियों की है। इस दौरान उन्हें किसी तरह की खान-पान सेहत आदि की कोई दिक्कत नहीं आनी चाहिए। उन्होंने कहा कि गर्मी बढ़ने लगी है। इसे ध्यान में रखते हुए तमाम व्यवस्था इसके अनुरूप किया जाए।



सभा स्थल का निरीक्षण करते हुए मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री, विधायक व प्रशासनिक अधिकारी।

### लीजधारियों से प्रीमियम नहीं लेगा निगम, जमीन और कंस्ट्रक्शन की कीमत जरूर ली जाएगी

# तारीख पर तारीख, व्यापारियों पर भारी, निगम कब देगा दुकानें

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

इमलीपारा रोड पर 10 करोड़ में बन रहा दो मंजिला काम्प्लेक्स लगभग बनकर तैयार है। बस फिनिशिंग का काम चल रहा है लेकिन अभी भी दुकानों के आवंटन को लेकर अभी भी दुविधा बनी हुई है। हालांकि निगम आयुक्त अमित कुमार ने पहले ही साफ किया है कि इमलीपारा रोड में जिनकी दुकानें टूटी हैं और जो लीजधारी हैं उन्हें पहले प्राथमिकता देते हुए दुकानें आबंटित होंगी। इसके बाद बाकी

## पीएम के दौरे के बाद आबंटन का आश्वासन

दुकानें ओपन में बेचीं जाएंगी। इसके लिए टेंडर भी निकाला जा सकता है।

निगम आयुक्त ने साफ किया है कि लीजधारी दुकानदारों से किसी प्रकार का प्रीमियम नहीं लिया जाएगा। इन लोगों से जमीन और कंस्ट्रक्शन की कीमत जरूर ली जाएगी। हाईकोर्ट में पिछले सप्ताह हुई सुनवाई में भी निगम की ओर से कहा गया है कि सभी लीजधारियों को एक साथ दुकानें आबंटित होंगी। मामले में अगली सुनवाई 8 अप्रैल को होनी है। जानकारी के मुताबिक दुकानों के आबंटन की प्रक्रिया शुरू हो जाती लेकिन निगम चुनाव से लेकर अब पीएम मोदी के दौरे में अधिकारियों की व्यस्तता के कारण इसमें कुछ देरी हो रही है। अप्रैल अंत तक दुकानों का आबंटन शुरू हो जाएगा। ज्ञात हो कि लगभग 12 साल पहले सत्यम चौक से पुराना बस स्टैंड तक के ट्रैफिक लोड को कम करने के लिए इमलीपारा सड़क का चौड़ीकरण और उन्नयन किया गया था। लेकिन 86 दुकानों के नहीं हटने के कारण चौक के पास सड़क संकरी हो गई थी। अब इन दुकानों की शिफ्टिंग हो जाने से चौड़ी सड़क निर्माण का रास्ता साफ हो गया है। चौड़ीकरण के बाद श्यामा प्रसाद मुखर्जी चौक पर इमलीपारा सड़क सीधे जाकर मिलेगी और इस प्रकार से चौक पर सीधे 6 तरफ से सड़क मिलेगी।

### इमलीपारा रोड पर 10 करोड़ में बन रहा दो मंजिला काम्प्लेक्स इस माह तक बनने की उम्मीद

#### 65 दुकानें बन रहीं, ट्रैफिक भी स्मूथ होगा

इस बारे में निगम अधिकारियों का कहना है कि कमर्शियल कॉम्प्लेक्स व्यापारियों के कारोबार के लिए फायदेमंद होगा, क्योंकि यहां पार्किंग की सुविधा है। आजकल लोग ज्यादातर उन दुकानों में जाते हैं, जहां पार्किंग की सुविधा होती है। यह शहर के हृदय स्थल यानी पुराना बसस्टैंड के पास है। इसका भी फायदा व्यापारियों को मिलेगा। ज्ञात हो कि पहले यहां 87 दुकानें बनाने की योजना थी, लेकिन निगम ने बाद में प्लान बदल दिया और अब यहां 65 दुकानें बनाई जा रही हैं। साथ ही इस सड़क के बन जाने से यातायात सुगम होगा और लिंक रोड के जाम से काफी राहत मिलेगी।

#### दुकानदारों पर 14 करोड़ रुपए का कर्ज

दूसरी ओर इमलीपारा से हटाए गए 87 दुकानदारों के सामने आर्थिक समस्या उत्पन्न हो गई है। दुकानदारों का कहना है कि यहां चार पीढ़ियों से वे दुकानदारी कर रहे थे। जो दुकानें नगर निगम के द्वारा तोड़ दी गई है उस पर उन्होंने लोन लेकर रखा है। यहां से हटाए गए करीब 87 दुकानदारों के ऊपर करीब 14 करोड़ रुपए का बैंक कर्ज है, जो इन्हीं दुकानों के दस्तावेजों को रखकर बैंक से लिया गया है। अब बैंकों ने सीसी लिमिट भी बंद कर दी और लाखों रुपए की किश्त का भार इन दुकानदारों पर आ गया है। दुकानदारों के मुताबिक निगम काम्प्लेक्स में जगह देने की बात कर रहा है लेकिन इसमें अभी समय लगेगा। ऐसे में तब तक इन छोटे व्यापारियों की दुकानें बंद ही रहेंगी। निगम ने व्यवस्थापन भी नहीं किया है।



#### कीमत पर जल्द होगा फैसला

लीजधारी दुकानदारों से किसी प्रकार का प्रीमियम नहीं लिया जाएगा। कीमत क्या होगी इस पर फिलहाल अंतिम फैसला नहीं लिया जा सका है। दुकानों के आबंटन की प्रक्रिया जल्द शुरू की जाएगी। इससे पहले व्यापारियों से चर्चा भी होगी।

- **अमित कुमार**, निगम आयुक्त

#### व्यापारी परेशान

निगम की ओर से कोर्ट में शपथपत्र के माध्यम से कहा गया है कि केन्द्र की ओर से इस काम के लिए 8.96 करोड़ रुपए मिले हैं। अब इन्हीं दुकानों को बनाकर निगम बेचेगा। एक ही काम के लिए दो बार पैसे कैसे लिए जा सकते हैं। निगम ने तोड़फोड़ के बाद व्यापारियों का व्यवस्थापन भी नहीं किया है। दुकानें टूटने से व्यापारी परेशान हैं।

- **अजय तिवारी**, अध्यक्ष, इमलीपारा व्यापारी संघ

#### ऊंचे दाम पर दुकानें बिकीं तो विरोध होगा

निगम ने तय किया है कि लीजधारी दुकानदारों को बस स्टैंड में बनाए जा रहे काम्प्लेक्स में ही रियायती दर पर दुकानें आबंटित होंगी। निगम की बैठक में इसका प्रस्ताव भी पास हो चुका है। निगम ने व्यापारियों की लिस्ट भी तैयार कर ली है, लेकिन रेट को लेकर अब तक कोई अंतिम फैसला नहीं हो सका है। निगम के हिसाब से ही देखा जाए तो 100 वर्गफीट की एक दुकान की कीमत 25 लाख से पार जाएगी। इसके साथ ही खुले टेंडर के हिसाब से बिकने वाली दुकानों की बोली एक करोड़ के पार जा सकती है।इसके चलते यहां के व्यापारी परेशान हैं। व्यापारियों का कहना है कि निगम यदि सिटी कोतवाली की तर्ज पर ऊंचे दाम पर दुकानें बिकेंगी तो इसका विरोध किया जाएगा। व्यापारियों ने रियायत दर दुकान उपलब्ध कराने की मांग की है। हालांकि निगम आयुक्त ने साफ किया है कि लीजधारी दुकानदारों से किसी प्रकार का प्रीमियम नहीं लिया जाएगा। इन लोगों से जमीन और कंस्ट्रक्शन की कीमत जरूर ली जाएगी।

# एसईसीएल के नए सीएमडी दुहन ने संभाला पदभार

**बिलासपुर।** हरीश दुहन ने 27 मार्च को एसईसीएल के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक (सीएमडी) के रूप में पदभार ग्रहण कर लिया है। एसईसीएल मुख्यालय आगमन पर निदेशक मंडल, सीवीओ, विभागाध्यक्षों अधिकारी-कर्मचारियों ने उनका आत्मीय स्वागत किया। इस अवसर पर एसईसीएल की सुरक्षा टुकड़ी ने उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर के साथ सम्मानित किया। इससे पहले श्री दुहन सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड में निदेशक तकनीकी के पद पर कार्यरत थे।



नए सीएमडी श्री दुहन कोयला खनन क्षेत्र में 34 वर्षों से अधिक का व्यापक अनुभव रखते हैं। उन्होंने अपनी स्नातक उपाधि नागपुर विश्वविद्यालय से माइनिंग इंजीनियरिंग में प्राप्त की। श्री दुहन ने वर्ष 1989 में वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड से कोल इंडिया लिमिटेड में अपनी सेवाओं की शुरुआत की। उनके पास फर्स्ट क्लास माइन मैनेजर सर्टिफिकेट तथा प्रबंधन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा की उपाधि भी है। एसईसीएल का सीएमडी बनने से पहले श्री दुहन सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) में निदेशक तकनीकी (संचालन) के रूप में कार्यरत थे। इसके अलावा उन्होंने नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) की निगाही परियोजना में एरिया जनरल मैनेजर तथा कॉर्पोरेट प्रोजेक्ट प्लानिंग विभाग के महाप्रबंधक के रूप में भी अपनी सेवाएं दी। श्री दुहन को पर्यावरण-हितैषी फर्स्ट माइल कनेक्टिविटी परियोजनाओं के कार्यान्वयन, डिजिटलीकरण तथा सौर ऊर्जा परियोजनाओं के विकास में विशेष अनुभव प्राप्त है। एसईसीएल परिवार को विश्वास है कि उनके कुशल नेतृत्व में कंपनी नई ऊँचाइयों को प्राप्त करेगी और ऊर्जा क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान देगी।

# गर्मी ने पकड़ी रफ्तार, पारा 40 पार

- मौसम व स्वास्थ्य विभाग ने जारी किया अलर्ट

**बिलासपुर।** मौसम एक बार फिर पूरी तरह से बदल चुका है। गर्मी के कारण तापमान में बढ़ोत्तरी हो चुकी है। हालत यह है कि दोपहर 10 बजे के बाद शाम 4 बजे तक सूरज की तीखी किरणें लोगों को झूलसाने लगी है, गुरूवार को पारा 40.3 डिग्री जा पहुंचा है, पिछले 1 हफ्ते से मिल रही मौसम की राहत अब गायब है, तेज धूप के कारण गर्मी अपने तेवर दिखाने लगी है।

सूरज के तेवर सख्त होते ही गर्मी ने लोगों का हाल बेहाल करना शुरू कर दिया है, गुरूवार को सुबह से ही तेज गर्मी पड़ी और दोपहर 2 बजे तक पारा 40 डिग्री के पार पहुंच गया। बताया जा रहा है कि एक हफ्ते के भीतर सीधे 6 डिग्री पारा बढ़ चुका है, वहीं प्रदेश में सर्वाधिक तापमान राजनांदगांव में दर्ज किया गया, जहां पारा 41 डिग्री पर जा पहुंचा है। मौसम विभाग ने लोगों के लिए अलर्ट भी जारी किया है और सुबह 11 से 4 बजे के बीच बाहर निकलने से पहले सावधानी बरतने की सलाह दी है। खास बात यह है कि स्वास्थ्य विभाग भी अपने सर्वे और शिविर में लोगों को डिहाईड्रेशन से बचाव और संयमित खान पान की सलाह जारी कर रहा है।

#### विभाग की चेतावनी

मौसम विभाग ने चेतावनी जारी करते हुए बताया है कि अगले 72 घंटों के भीतर गर्मी में बढ़ोत्तर होगी। दिन और रात के औसत तापमान में 2 डिग्री तापमान बढ़ सकता है। अप्रेल के शुरूआती दिनों में पारा 42 डिग्री के पार जाने की प्रबल संभावनाएं बन चुकी है। मौसम विभाग लोगों को इस दौरान धूप से बचने की सलाह दी है।

### वित्तीय वर्ष की समाप्ति पर बिजली अधिकारी दे रहे जोर

# करोड़ों रूपए की वसूली, आज कई घरों के कटेंगे कनेक्शन

*बिजली विभाग में लाखों रूपए की पेंडेंसी ने अधिकारियों को कुर्सी छोड़ फिल्ड में निकलने को मजबूर कर दिया है। गुरूवार को विभाग के अधिकारी अभियान चलाकर वसूली करेंगें, इस दौरान बकायादारों पर घर और दुकानों में दस्तक देकर बिल की वसूली की जाएगी। वहीं रूपए का भुगतान नहीं होने पर सीधे लाइन काटी जाएगी।*

लाखों रूपए की पेंडेंसी से ठनका अधिकारियों का माथा



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बिजली विभाग द्वारा शहर के लिंक रोड, नेहरू नगर, गोलबाजार जोन में मॉस डिस्कनेक्शन किया जाएगा। इस दौरान बड़े बकायादारों के साथ ही छोटे बकायादारों तक टीम पहुंचेगी। गुरूवार को अधीक्षण यंत्री ने इसके लिए अधिकारियों की टीम भी तैयार की है, जिसमें एचटी मेंटनेंस, तोरवा, बसंत विहार, लिंकरोड के वाहन व अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है। खास बात यह है कि मार्च में वित्तीय वर्ष की समाप्ति पर करोड़ों रूपए का बकाया है, पिछले एक साल से चुनाव के बीच वसूली अभियान प्रभावित रहता है, जिसके चलते एरियर्स करोड़ों रूपए में जा पहुंचा है। उच्च अधिकारियों ने वसूली नहीं करने वाले जोन अधिकारियों पर सख्ती बरतने के निर्देश दिए है, जिसके बाद अधिकारियों को भरी गर्मी में अभियान चलाकर वसूली के लिए निकलना पड़ रहा है। शहर के लगभग सभी जोन में वसूली अभियान चलाया जाएगा।

#### ऑनलाइन भी लिया जाएगा भुगतान

अधिकारियों ने साफ तौर पर कहा है कि बिजली बिल का भुगतान नकद के साथ ही ऑनलाइन स्वीकार किया जा सकता है, विभाग की साइट, मोर बिजली एप और अन्य यूपीआई मोड से बिजली बिल का भुगतान स्वीकार किया जाएगा।

#### की जानी है वसूली

31 मार्च के पहले बकायादारों से बिजली बिल की वसूली की जानी है, इस दौरान रूपए का भुगतान नहीं होने पर सीधे बिजली काटने के निर्देश दिए गए हैं।

-पीआर साहू
अधीक्षण यंत्री

### बिजली बंद से लोग हलाकान

जहां एक ओर गर्मी के तेवर पसीना बहाने को मजबूर कर रहा है, वहीं दूसरी ओर बिजली गूल की समस्या आ रही है। फीडर बंद होने, ट्रांसफार्मर का डियो गिरने और ट्रीपिंग की समस्या के चलते शहर में कई जगहों पर बिजली बंद हो रही है। गुरूवार को कतियापारा, गांधी चौक, करबला रोड, अशोक नगर, शांति नगर, हेमुनगर जैसे इलाकों में बिजली बंद रही। वहीं सकरी, मंगला, निरतु जैसे ग्रामीण क्षेत्रों में घंटों बिजली की आंखमिचौली चलती रही, जिसके चलते लोगों को परेशानी झेलनी पड़ी।




अंतिम अरदास

अत्यंत दुख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारे
पूज्य पिताश्री भीषम चंद सेठी जी
का स्वर्गरोहण 20.03.2025 गुरूवार को हो गया है।
जिनकी आत्मिक शांति के लिए अखंड पाठ
साहिब जी का आरंभ 26.03.25 एवं
समाप्ति 28.03.25 शुक्रवार दोपहर बैठक
उपरांत 1:30 से 2:40 तक किर्तन
एवं 3:00 बजे अंतिम अरदास
गुरू सिंह सभा गुरूद्वारा दयालबंद
बिलासपुर में होगी।

स्व. श्री भीषम चंद सेठी

शोकाकुल परिवार : मनीष सेठी, गिरीश सेठी (पुत्र), पूर्वी सेठी (पोती), जय सेठी, क्रियांश सेठी (पोता), अंजू खुराना-राजेश खुराना (कवर्धा), आशा अरोरा-संजय अरोरा (गंज बसोदा मध्यप्रदेश) नोविता छाबड़ा- विकास छाबड़ा, बिलासपुर (पुत्री-दामाद)

संस्थान - सेठी इंजीनियरिंग वर्क्स, दयालबंद, बिलासपुर, महामाया इंजीनियरिंग एंड वेल्डिंग वर्क्स, ढेका (बिलासपुर)

27 MARCH- BSP-PG-2_Layout 1 3/28/2025 12:00 AM Page 1



## खबर संक्षेप

### राणा सांगा पर आपत्तिजनक बयान की निंदा, क्षत्रिय समाज सौंपेगा ज्ञापन

**बिलासपुर।** देश के महान शूरवीर और क्षत्रिय कुल गौरव महाराणा संग्राम सिंह (राणा सांगा) के विरुद्ध सपा सांसद रामजीलाल सुमन द्वारा की गई आपत्तिजनक टिप्पणी से



क्षत्रिय समाज में भारी आक्रोश है। इस बयान को समाज ने वीरता और स्वाभिमान का अपमान बताते हुए कड़ी आपत्ति जताई है। इसी क्रम में सर्व राजपूत क्षत्रिय समाज बिलासपुर के नेतृत्व में शुक्रवार को 12.30 बजे एसपी कार्यालय में ज्ञापन सौंपा जाएगा। जिसमें सांसद के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की मांग की जाएगी। राणा सांगा भारत के उन वीर शासकों में से एक थे, जिन्होंने अपने पराक्रम और युद्ध-कौशल से मुगलों और विदेशी आक्रमणकारियों को कांपने पर मजबूर कर दिया। वे मेवाड़ के महान शासक थे। जिन्होंने 16वीं शताब्दी में बहादुरी और अदम्य साहस का परिचय दिया। खानवा के युद्ध में मुगल सम्राट बाबर से भिड़ने वाले राणा सांगा ने भारतीय स्वाभिमान और क्षत्रिय शौर्य का परचम लहराया। उनके शरीर पर 80 से अधिक घाव थे, एक हाथ और एक आंख खो चुके थे, फिर भी उन्होंने युद्धभूमि नहीं छोड़ी। ऐसे में सपा सांसद के बयान को लेकर समाज में जबरदस्त आक्रोश है। बिलासपुर में सर्व राजपूत क्षत्रिय समाज के नेतृत्व में इस बयान का पुरजोर विरोध किया जा रहा है।

### डीपी लॉ कालेज में होली मिलन कार्यक्रम को लेकर विरोध

**बिलासपुर।** डीपी लॉ कालेज में लगभग 15 दिनों बाद होली मिलन आयोजन करने और उसमें बाहरी व्यक्तियों द्वारा नशाखोरी करने का आरोप लगाते हुए छात्रों ने कालेज प्रबंधन से शिकायत करते हुए विरोध जताया है। इस मामले में कालेज प्रबंधन से जांच करवाने की मांग की गई है। छात्रों का आरोप है कि कालेज के प्राचार्य द्वारा छात्र नेताओं के साथ मिलकर प्रशासन समिति के नियमों का उल्लंघन करते हुए कालेज में होली मिलन कार्यक्रम आयोजन किया गया। प्राचार्य को अच्छे से पता है कि यूनिवर्सिटी से पेपर का सेंटर लेने के पश्चात ऐसा कार्यक्रम संभव नहीं है, क्योंकि आदर्श आचार संहिता लग जाती है। इसके बाद भी यूनिवर्सिटी के परीक्षा नियमों के खिलाफ जाकर परीक्षा के दौरान एवं कक्षाओं को बाधित कर यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। छात्रों ने प्रशासन समिति के अध्यक्ष से शिकायत करते हुए कहा है कि कार्यक्रम में शराबखोरी खुलेआम सिगरेट पीने से कालेज की छवि खराब हुई है। इसकी जांच समिति बनाकर जांच कराई जाए नहीं उग्र आंदोलन किया जाएगा, जिसकी जवाबदारी कालेज प्रबंधन की होगी। कालेज के प्राचार्य ने उनकी अनुमति से होली मिलन कार्यक्रम होने की बात कहते हुए छात्रों से शराबखोरी, सिगरेट पीने मामले में सीसीटीवी कैमरे का अवलोकन करने की बात कही है। आज कालेज में विरोध प्रदर्शन करने वालों में महेश साहू, अखिलेश साहू, भूपेन्द्र साहू, आदित्य जोशी, चन्द्रेश बंजारे, अविनाश डहरिया, अवनीश पाण्डेय, अजय कश्यप, आदि छात्र-छात्राएं शामिल थे।

### भारतीय रेलवे मजदूर संघ ने डीजीएचआर से की मुलाकात



**बिलासपुर।** भारतीय रेलवे मजदूर संघ प्रतिनिधि मंडल ने आज रेलवे बोर्ड में डीजी एचआर आर. राजगोपाल एवं पीईडीआई आर रेनू शर्मा के साथ बैठक हुई, जिसमें मुख्य रूप से भारतीय रेलवे मजदूर संघ के पदाधिकारी, कार्यकर्ताओं एवं कर्मचारियों पर सौतेला व्यवहार करने एवं कार्यकर्ताओं के विक्टिमाइजेशन की जानकारी के विषय में साथ ही साथ अन्य प्रमुख विषयों पर चर्चा हुई।
बैठक में भारतीय रेलवे मजदूर संघ के अध्यक्ष पवन कुमार, अशोक कुमार शुक्ला प्रभारी, संतोष कुमार पटेल महामंत्री, जगदीश प्रसाद गुप्ता वित्त सचिव, राधावल्लभ त्रिपाठी मौजूद थे।

### कलिंगा विश्वविद्यालय ने अलका को दी पीएचडी

**बिलासपुर।** कलिंगा विश्वविद्यालय रायपुर ने कला एवं मानविकी संकाय में हिन्दी की शोधार्थी अलका शुक्ला को



पीएचडी की उपाधि से सम्मानित किया है। उनके शोधकार्य का विषय प्रेमचंद के कथा साहित्य में स्त्री चेतना एवं संवेदना था। उन्होंने अपना शोध कार्य कलिंगा विश्वविद्यालय के हिन्दी के प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष डॉ. अजय शुक्ला के निर्देशन में पूर्ण किया। वे बिलासपुर के ग्राम मेंड्रा निवासी सुरेश शर्मा व बीना शर्मा की पुत्री है।

### छत्तीसगढ़ मानिकपुरी पनिका समाज के प्रादेशिक चुनाव का आगाज



**बिलासपुर।** लिंगियाडीह कबीर गुरूद्वारा बिलासपुर में मंगलवार को छत्तीसगढ़ मानिकपुरी पनिका समाज की संभागीय स्तर की महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न हुई। जिसमें बिलासपुर संभाग के सभी जिलों के पदाधिकारीगण उपस्थित हुए। द्वितीय कार्यकाल में होने वाले चुनाव के विषय में प्रदेश कार्यालय रायपुर में 9 मार्च को बैठक सम्पन्न हुई। जहां प्रदेश कार्यालय से प्राप्त निर्देश के परिपालन को लेकर चर्चा की गई। जिसमें विगत दिनों प्रदेश के मुख्य चुनाव अधिकारी सहित सभी संभागों के लिए चयनित सहायक चुनाव अधिकारियों में बिलासपुर संभाग के सहायक चुनाव अधिकारी घनश्याम दास महंत ने बारी बारी से प्रदेश निर्वाचन के संबंध में समस्त जानकारी से उपस्थित पदाधिकारियों को अवगत कराया। साथ ही आगामी प्रादेशिक चुनाव कैसे सम्पन्न हो इस पर भी प्रकाश डाला। इसी संदर्भ में बिलासपुर संभाग चुनाव प्रभारी मोहर दास महंत ने संभागीय पदाधिकारियों को सम्बोधित कर चुनाव में प्रभारियों के नियुक्ति के लिए आवश्यक जानकारी लेकर प्रदेश स्तर पर चर्चा कर सूचना देने की बात कही। भारतीय मानिकपुरी पनिका समाज के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष देवधर दास महंत एवं पनिका महासमिति नई दिल्ली के महासचिव तथा पूर्व राष्ट्रीय महासचिव पीडी महंत ने बैठक को संबोधित किया। बैठक में कोरबा से अपनी टीम सहित आए जिलाध्यक्ष संतोष दास महंत एवं उनकी टीम का सराहनीय योगदान रहा।

**संगोष्ठी** अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय में नेक्स्टजेन एआई विषय पर एक्सपर्ट टॉक

# डीपफेक टेक्नोलॉजी के गलत उपयोग से साइबर अपराधों में हो रही वृद्धि



**बिलासपुर।** अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर के कंप्यूटर साइंस एवं एप्लीकेशन विभाग द्वारा गुरूवार को नेक्स्टजेन एआई विषय पर एक विशेषज्ञ व्याख्यान का आयोजन किया गया। प्रोफेसर ओपी व्यास कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग, आईआईआईटी इलाहाबाद ने उक्त विषय में सारगर्भित व्याख्यान दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ विभागाध्यक्ष प्रो. एचएस होता द्वारा प्रोफेसर व्यास के स्वागत से हुआ। इसके पश्चात डॉ. श्रिया कश्यप ने मुख्य अतिथि का परिचय कराया। अपने व्याख्यान में प्रो. व्यास ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग जैसे विषयों पर विस्तृत चर्चा की।

उन्होंने आईआईआईटी इलाहाबाद तथा जर्मनी के टी.एम.एच. विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में किए जा रहे अनुसंधान कार्यों और अपने विभिन्न अनुभवों को साझा किया। इसके अलावा आधुनिक एआई सिस्टम जैसे चैट जीपीटी, एलएलएम ट्रांसफॉर्मर्स आदि पर विस्तृत व्याख्यान दिया। प्रो. व्यास ने बताया कि संस्थान विभिन्न देशों के विश्वविद्यालयों और शोध संगठनों के साथ साझेदारी कर रहा है। इसी कड़ी में इंडो-जर्मन कोलैबोरेशन का विशेष उल्लेख किया। जिसमें भारत और जर्मनी के शोधकर्ताओं के बीच संयुक्त शोध परियोजनाएं चल रही हैं। उन्होंने प्रो. होता और उनके शोधार्थियों को इस कार्यक्रम के तहत जर्मनी आने के लिए आमंत्रित भी किया, जिससे उन्हें वैश्विक शोध वातावरण में काम करने का अवसर मिलेगा। इसके साथ ही प्रो. व्यास ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के संभावित दुरुपयोग पर भी चेतावनी दी। उन्होंने बताया कि वर्तमान समय में डीपफेक टेक्नोलॉजी का गलत इस्तेमाल बढ़ रहा है, जिससे फेक न्यूज, पहचान की चोरी और साइबर अपराधों में वृद्धि हो रही है। इस समस्या से निपटने के लिए शोधकर्ताओं को एथिकल एआई पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता पर जोर दिया। प्रो. व्यास ने शोध कार्यों में गुणवत्ता और नवीनता बनाए रखने के लिए महत्वपूर्ण सुझाव दिए और छात्रों को नए-नए विषयों पर गहराई से अध्ययन करने के लिए प्रेरित किया। आज की दुनिया में इनोवेशन और बहुविषयक शोध अत्यंत आवश्यक हैं, जिससे नई तकनीकों को और अधिक प्रभावी तरीके से विकसित किया जा सके।

कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों के साथ प्रश्नोत्तर सत्र हुआ, जिसमें प्रो. व्यास ने उनकी जिज्ञासाओं का समाधान भी किया। अंत में प्रो. होता ने मुख्य अतिथि को शॉल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया और धन्यवाद ज्ञापित किया। तत्पश्चात विभाग के शोधार्थियों के मध्य एक बैठक का आयोजन भी किया गया, जिसमें सभी शोधार्थियों ने अपने-अपने शोध के विषयों के संबंध में चर्चा की। प्रो. व्यास ने उनके शोध को प्रासंगिक एवं नवाचार की ओर ले जाने के लिये टिप्स दिये तथा आवश्यक सहयोग प्रदाय करने का आश्वासन भी दिया। मालूम हो कि विभाग द्वारा समय-समय पर यह देश के प्रतिष्ठित संस्थानों के विद्वानों को आमंत्रित कर इस प्रकार के व्याख्यान का आयोजन किया जाता है, ताकि छात्रों एवं शोधार्थियों को शोध में नवाचार आ सके तथा छात्र प्रभावी ढंग से शोध कर सके। इस व्याख्यान कार्यक्रम में विभाग के शोधार्थी, विभिन्न महाविद्यालयों के कम्प्यूटर साइंस के शिक्षक तथा विभाग के स्नातकोत्तर के छात्र बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

केन्द्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू ने युवाओं को दी बधाई

# प्रधानमंत्री के आगमन पर स्वागत में केवल नारे नहीं गूंजेंगे, सेवा के दीप भी जल रहे





कोनी में जीवन सेवा संस्कार समिति के शिविर में उपस्थित युवा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बिलासपुर आगमन के अवसर पर जीवन सेवा संस्कार समिति द्वारा तीन दिन तीन काम अभियान चलाया जा रहा है।

इस सेवा अभियान के माध्यम से समिति के सदस्य प्रधानमंत्री के स्वागत में जय जोहार कह रहे हैं और उनके विचारों को अपने कर्मों के माध्यम से साकार कर रहे हैं। इस अभियान के प्रेरणास्रोत एवं मार्गदर्शक केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री तथा बिलासपुर के सांसद तोखन साहू हैं, जिन्होंने इस सामाजिक पहल के लिए युवाओं को प्रेरित किया है।

समिति द्वारा गुरूवार को कोनी स्कूल ग्राउंड में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 201 युवाओं ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। रक्तदाताओं को लर्निंग ड्राइविंग लाइसेंस और हेलमेट प्रदान किया गया। जिससे सुरक्षित जीवन और ज़िम्मेदार नागरिकता को बढ़ावा मिले। केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू ने अपने सोशल मीडिया हैंडल के माध्यम से रक्तदान करने वाले सभी युवाओं को बधाई दी और उनकी इस सेवा भावना की सराहना की। 28 मार्च को 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत सेंदरी में व्यापक पौधारोपण किया जाएगा। इस अभियान के अंतर्गत प्रत्येक व्यक्ति अपनी मां के नाम एक पौधा रोपेगा, जिससे न केवल पर्यावरण को संरक्षण मिलेगा, बल्कि मातृ सम्मान और हरित भारत का संदेश भी प्रसारित होगा। पीएम के स्वच्छ भारत मिशन को साकार करने के लिए 29 मार्च को रतनपुर तालाब में वृहद स्वच्छता अभियान और श्रमदान किया जाएगा। तालाबों और जल स्रोतों की स्वच्छता से जल संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा और हमारी सांस्कृतिक धरोहरों का संरक्षण सुनिश्चित होगा। समिति के सदस्य और नागरिक श्रमदान कर रतनपुर तालाब को स्वच्छ और संरक्षित करने का कार्य करेंगे।

■ रतनपुर में स्वच्छता अभियान व श्रमदान 29 को



## कांग्रेसियों ने सीबीआई का किया पुतला दहन

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर गुरुवार को जिला मुख्यालय बिलासपुर में कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं ने भारतीय जनता पार्टी और सीबीआई का पुतला दहन किया है। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और विधायक देवेंद्र यादव के यहां सीबीआई छापे को लेकर ज़िला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विजय केशरवानी ने कहा कि यह छापा सीबीआई का दुरुपयोग है। यह छत्तीसगढ़िया नेतृत्व को दबाने और डराने की कोशिश है।

पूर्व में पूर्व मंत्री और आदिवासी नेता कवासी लखमा को झूठे आरोप में जेल भेजना, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के यहां ईडी का छापा यह सिद्ध करता है कि छत्तीसगढ़ में वर्तमान भाजपा सरकार अपने मित्र उद्योगपतियों के लिए जगह और मौके तलाश कर रही है। ऐसे तमाम नेतृत्व जो छत्तीसगढ़ को बचाने के लिए उद्योगपति मित्रों का लाने का विरोध कर सकते हैं, उनके विरुद्ध गलत आरोप पत्र तैयार कर संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग कर छापा डालने और जेल भेजने का काम भाजपा सरकार द्वारा किया जा रहा है। शहर अध्यक्ष विजय पांडेय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपने ही जांच एजेंसियों पर भरोसा नहीं है, पहले ईडी ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के घर में छापेमार की कार्यवाही की और कुछ नही मिला तो सीबीआई ने पुनः रेड डाली। सभा को मस्तूरी विधायक दिलीप लहरिया ने भी संबोधित किया। पुतला दहन में पूर्व विधायक रश्मि आशीष सिंह, सियाराम कौशिक, रामशरण यादव, प्रदेश संयुक्त महामंत्री द्वय देवेंद्र सिंह, पंकज सिंह, राजेन्द्र शुक्ला, प्रमोद नायक, राजेन्द्र साहू, रविन्द्र सिंह, नरेंद्र बोलर आदि मौजूद थे।

## बरई चौरसिया समाज की महिलाओं ने लिया रंगोत्सव का आनंद



**बिलासपुर।** नगर के बरई चौरसिया समाज महिला मंडल द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें होली मिलन बहुत ही धूमधाम से मनाया गया। जिसमें महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

बाल गोपाल कृष्ण- कन्हैया ,देवी मां दुर्गा, राम लला तथा हनुमान की पूजा, प्रसाद वितरण किया गया। भजन संध्या के साथ-साथ होली के गीतों के साथ फूलों की होली से आनंदोत्सव पर महिलाएं जमकर झूमीं व नृत्य भी किए। होली के खुशनुमा रंग सभी के जीवन में बरकरार रहे। सभी ने एक दूसरे को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस कार्यक्रम में अध्यक्ष डॉ.अर्चना तम्बोली, उपाध्यक्ष सुषमा तम्बोली, सचिव अंजनी प्रधान, किरण थवाईत, शिखा थवाईत एवं सदस्य नीलू थवाईत, मधुलिका तंबोली , प्रतिमा चौरसिया, प्रीति चौरसिया, प्रतिमा चौरसिया, विद्या थवाईत, रंजीता तम्बोली, प्रीति थवाईत, रेखा थवाईत, जयसी तम्बोली, अमिता थवाईत, अनिता तम्बोली, रजनी तंबोली, कृष्ण-राधा के स्वांग में कुमारी कृति एवं सृष्टि थवाईत आदि ने रंगोत्सव का आनंद लिया।

## महिला सशक्ति मंच ने निकाली नशा मुक्ति जन जागरूकता रैली



**बिलासपुर।** महिला सशक्ति मंच एवं समाज कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को जांजी तालाब बंधवा पारा, राधिका विहार में नशा मुक्ति रैली एवं जन जागरूकता अभियान चलाया गया।

इस अभियान के तहत महिलाओं और बच्चों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाएं एवं स्कूली बच्चे शामिल हुए। रैली के दौरान मंच की सदस्यों ने लोगों को नशा छोड़ने के लिए प्रेरित किया। इसके खिलाफ एकजुट होने का संकल्प दिलाया। इस अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता श्याम मूरत कौशिक, क्रांति साहू, गौरी शंकर कौशिक एवं सरकंडा थाना से शिव जोगी और मुकेश शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर संजू कश्यप को बंधवापारा इकाइ का अध्यक्ष चुना गया। कार्यक्रम का संचालन पूजा प्रजापति ने की। आभार प्रदर्शन रजनी परिहार ने किया। इस दौरान महिलाओं व बच्चों को बताया गया कि नशा न केवल शारीरिक बल्कि मानसिक रूप से भी हानिकारक है।

## नाइसटेक कंप्यूटर 500 छात्रों को देगा निःशुल्क प्रशिक्षण

एजुकेशन प्लस

**बिलासपुर।** ईदगाह चौक स्थित नाइसटेक कंप्यूटर 500 छात्रों को रोजगार एवं कौशल से जोड़ने के लिए निःशुल्क कम्प्यूटर प्रशिक्षण देने के लिए आवेदन आमंत्रित किया है। इसके डायरेक्टर ने बताया कि यह सेंटर पिछले 32 वर्षों से उत्कृष्ट कंप्यूटर शिक्षा प्रदान कर रहा है।

छात्रों को तकनीकी रूप से दक्ष बनाकर रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। संस्थान 150 से अधिक फ्रेंचाइजी सेंटरों के माध्यम से छत्तीसगढ़ के कई हिस्सों में कंप्यूटर शिक्षा को सुलभ बना रहा है। छात्रों को बेहतर कंपनियों में रोजगार मिले इसके लिए प्लेसमेंट कैंप और रोजगार मेला आयोजित किया जाता है। जनवरी 2025 में बीएनआई व्यापार मेला में रोजगार मेला का आयोजन कर 110 से अधिक छात्रों को विभिन्न कंपनियों में नौकरी के अवसर मिले। अपनी उत्कृष्ट प्लेसमेंट सेवाओं के लिए नाइसटेक कंप्यूटर को टैली एजुकेशन बैंगलोर द्वारा लगातार तीन वर्षों से चैंपियनशिप ऑफ प्लेसमेंट पुरस्कार मिल रहा है। ऐसे छात्र जो रोजगार के अवसरों से वंचित हैं या इंटरव्यू में सफल नहीं हो पा रहे हैं, उनके लिए नाइसटेक कंप्यूटर विशेष 80 घंटे का निःशुल्क प्रशिक्षण दे रहा है। भारत सरकार द्वारा संचालित एनआईईएलआईटी कोर्स के तहत 500 छात्रों को निःशुल्क कंप्यूटर प्रशिक्षण देने के लिए आवेदन आमंत्रित है। अधिक जानकारी के लिए ईदगाह चौक बिलासपुर स्थित नाइसटेक कंप्यूटर संस्थान में संपर्क सकते हैं।

उसलापुर में यात्रियों को प्लेटफार्म पर बिना शेड के करना पड़ रहा ट्रेन का इंतजार

# ट्रेनों की संख्या बढ़ी लेकिन रेलवे ने नहीं की प्लेटफार्म नंबर 2 पर शेड की व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

रेल प्रशासन ने बिलासपुर जोनल रेलवे स्टेशन में दुर्ग से आने वाली चार मुख्य ट्रेनों को आदर्श रेलवे स्टेशन उसलापुर से चलाना शुरु कर दिया है। इन चार ट्रेनों के साथ उसलापुर में ट्रेनों की संख्या के साथ यात्रियों की संख्या भी बढ़ गई है, लेकिन अब तक प्लेटफार्म पर लगे शेड का विस्तार नहीं किया गया है। इसके कारण मार्च में पड़ रही दोपहर की भीषण गर्मी और तेज धूप में यात्रियों को प्लेटफार्म पर ट्रेन का इंतजार करना मजबूरी हो गई है।



दो साल पहले दुर्ग से चलने वाली सप्ताह में दो दिन मंगलवार और बुधवार को दुर्ग-जम्मूतवी विस्तारित ऊधमपुर, दुर्ग-हजरत निजामुद्दीन संपर्कक्रांति एक्सप्रेस, दुर्ग-छपरा सारनाथ एक्सप्रेस और दुर्ग-भोपाल अमरकंटक एक्सप्रेस बिलासपुर जोनल रेलवे स्टेशन से होकर कटनी सेक्शन की ओर चल रही थी। इन चारों ट्रेन के बिलासपुर स्टेशन से चलने के कारण इंजन चेंज करने में ही आधे से अधिक समय लग रहे थे, जिसके कारण ट्रेन परिचालन प्रभावित हो रहा था। चारों ट्रेन के बिलासपुर से चलने की वजह से स्टेशन का प्लेटफार्म भी यात्रियों से गुलजार रहता था। इसमें सबसे अधिक भीड़ जम्मूतवी एक्सप्रेस में रहती थी, जिसमें सामान्य यात्रियों के साथ सफर करने वाले मजदूरों की संख्या अधिक होती थी। यह सारे मजदूर कमाने-खाने के लिए निजामुद्दीन, दिल्ली, जम्मू की ओर जाते थे। ट्रेनों का परिचालन प्रभावित होने के साथ बिलासपुर स्टेशन में ट्रेनों का दबाव कम करने के लिए रेल अफसरों ने संपर्कक्रांति, जम्मूतवी विस्तारित ऊधमपुर एक्सप्रेस, सारनाथ एक्सप्रेस और अमरकंटक एक्सप्रेस को दुर्ग से रायपुर, भाटापारा से बिलासपुर के बजाय दाधापारा से डायवर्ट कर उसलापुर में स्टापेज देना शुरु कर दिया। उसलापुर में चारों ट्रेन के स्टापेज के साथ बिलासपुर के भी सात हजार से अधिक यात्री आदर्श रेलवे स्टेशन में डायवर्ट हो गए हैं। चारों मुख्य ट्रेनों का स्टापेज प्लेटफार्म नम्बर दो में दिया जा रहा है। आदर्श रेलवे स्टेशन उसलापुर में ट्रेनों के साथ यात्रियों की संख्या तो बढ़ गई है, लेकिन अब तक शेड प्लेटफार्म की लंबाई के बराबर विस्तारित नहीं किए गए हैं। इसकी वजह से वर्तमान में यात्री दोपहर की भीषण गर्मी के साथ तेज धूप में हलाकान हो रहे हैं।

### किया जा रहा अमृत भारत का कार्य

जानकारी के अनुसार ट्रेनों के स्टापेज होने के उपरांत यात्रियों की सुविधा के लिए काम किया जाना है। इसके लिए उच्चाधिकारियों के आदेश पर आदर्श रेलवे स्टेशन उसलापुर के सामने एक नया प्रवेश द्वार, यात्रियों की सुविधा और प्लेटफार्म नम्बर 2-3 से जाने वाली गाड़ियों के स्टापेज हेतु दूसरे छोर पर सेकेंड एंट्री, मुख्य गेट की तरह दूसरे छोर पर टिकिट घर, पार्किंग, लिफ्ट, एप्रोच रोड का कार्य, 20 फीट चौड़े फुट ओवरब्रिज का विस्तार करने की योजना, स्टेशन के दो लिफ्ट के कार्य को पूरा करने के साथ प्लेटफार्म नम्बर 1-1 और 3 में शेल्टर लगाने के कार्य को प्रस्तावित किया गया है।

### जरूरत के अनुसार बढ़ोत्तरी

आदर्श रेलवे स्टेशन उसलापुर में अमृत भारत योजना के तहत काम किया जा रहा है। यहां दोनों प्लेटफार्म पर रेलवे बोर्ड की गाइड लाइन के अनुसार शेड लगे हैं, जो दो गुना अधिक हैं। इसके बावजूद यात्रियों की आवश्यकता और उनकी सुविधा को देखते हुए शेड के विस्तार में बढ़ोत्तरी की जाएगी।

-अनुराग कुमार सिंह, सीनियर डीसीएम, रेल मंडल बिलासपुर

27- MAR- BSP- P-3 ZIN_Layout 1 3/26/2025 4:37 AM Page 1

हरिभूमि लाइव
बिलासपुर, शुक्रवार 28 मार्च 2025
Email id- haribhoomibsp@gmail.com
Whats App - 6263190692, 8305922255



कार्यक्रम

## राजपूत महिलाओं ने फिल्मी गानों की दी प्रस्तुति



**बिलासपुर।** रॉयल राजपूत संगठन द्वारा महिला दिवस एवं होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया, संगठन द्वारा शहर की ऐसी महिलाओं का सम्मान किया गया, जिन्होंने जीवन में संघर्षो से उपलब्धियों में बदला है। शहर की नव निर्वाचित महापौर पूजा विधानी,राज्य की पहली मोटर ड्राइविंग महिला ट्रेनर पिंकी शर्मा, अंतरराष्ट्रीय कथक गुरु राधिका पाखी एवं राष्ट्रीय साहित्यकार डॉ अनिता सिंह कार्यक्रम में अतिथि के रूप में शामिल हुईं। फाग गीतों,लोक गीतों एवं फिल्मी गीतों की प्रस्तुति दे कर आयोजन में चार चांद लगा दिया, सदस्यों ने थीम बेस्ड हाऊजी का आनंद लिया,होली सुंदरी का चुनाव किया गया साथ ही मजेदार गेम भी खेला, जिसमें अतिथियों ने भी भाग लिया। रॉयल राजपूत संगठन बिलासपुर की अध्यक्ष अर्पणा सिंह ने संगठन की गतिविधियां के बारे मे संक्षिप्त में बताया। इस आयोजन में रॉयल राजपूत संगठन की राष्ट्रीय संरक्षिका कुंदन सिंह,प्रदेश अध्यक्ष प्रीति सिंह,प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष संध्या सिंह ,प्रदेश संगठन मंत्री स्वाति सिंह,प्रदेश विधि सलाहकार शकुन्तला सिंह,प्रदेश सचिव निर्मला सिंह,नीरू सिंह,जिला अध्यक्ष अपर्णा सिंह,जिला सचिव नंदा सिंह,वंदना सिंह, श्रद्धा सिंह, पूनम सिंह,संजू सिंह, शीला सिंह, अलका सिंह द्वारा किया गया।

आयोजन

## ब्रह्माकुमारीज़ के आध्यात्मिक जागृति दिवस पर कार्यक्रम



**बिलासपुर।** ब्रह्माकुमारीज़ द्वारा वैश्विक आध्यात्मिक जागृति दिवस एवं ब्रह्मा भोजन के उपलक्ष्य में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में महापौर पूजा विधानी उपस्थित रही। ब्रह्माकुमारीज़ की पूर्व मुख्य प्रशासिका दादी जानकी और दादी गुलजार की स्मृति में रखा गया था, इस अवसर पर ब्रह्माकुमारीज़ हेमुनगर की संचालिका बीके लता बहनजी ने उपस्थित जन समूह को संबोधित किया। बीके लता बहनजी ने दादी जानकी जी और दादी गुलजार की के जीवन मूल्यों, उनके निःस्वार्थ सेवा कार्यों एवं आध्यात्मिक जागरण के प्रति उनके योगदान को स्मरण किया। उन्होंने बताया कि दोनों दादीयों ने सदैव ईश्वरीय सेवा, सत्य, प्रेम एवं विश्व शांति का संदेश दिया, जो आज भी समाज के लिए प्रेरणादायक है। महापौर पूजा विधानी ने कहा, दादीयों का जीवन मानवता के कल्याण के लिए समर्पित था। उन्होंने सत्य, शांति और करुणा के मूल्यों को अपनाने की जो प्रेरणा दी, वह आज भी हमारे लिए मार्गदर्शक है। ब्रह्माकुमारीज़ संस्था समाज में सकारात्मकता और आध्यात्मिकता का जो संदेश फैला रही है, वह सराहनीय है। कार्यक्रम के दौरान आध्यात्मिक संदेश, ध्यान सत्र एवं विशेष प्रवचन आयोजित किए गए।

भ्रमण

## छात्राओं को इनक्यूबेशन सेंटर,सेंट्रल लाइब्रेरी का कराया गया भ्रमण



**बिलासपुर।** शासकीय माता शबरी नवीन गर्ल्स पीजी कॉलेज की छात्राओं को प्रोफेसर एकांबर साव और सौरव पटनवार ने इनक्यूबेशन सेंटर और सेंट्रल लाइब्रेरी, सरकंडा, बिलासपुर स्मार्ट सिटी का दौरा किया। इस दौरे का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को प्रतियोगी परीक्षाओं, स्टार्टअप इकोसिस्टम और नवाचार के माध्यम से उद्यमशीलता को अपनाने के लिए प्रेरित करना था। इस दौरे की समन्वयक आरती सिंह ठाकुर थीं, प्राचार्य डॉ. के.के. भंडारी ने छात्राओं को बिलासपुर स्मार्ट सिटी में उपलब्ध सुविधाओं का अधिकतम लाभ उठाने और अपने भविष्य को उज्ज्वल बनाने के लिए प्रभावी प्रयास करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि छात्राओं को या तो सक्षम अधिकारी बनना चाहिए या फिर एक सफल उद्यमी के रूप में अपने विचारों को वास्तविकता में बदलने की दिशा में कार्य करना चाहिए। इस अवसर पर इनक्यूबेशन सेंटर की इंचार्ज अंजली बाजाज ने छात्राओं को इनक्यूबेशन सेंटर की कार्यप्रणाली, स्टार्टअप इकोसिस्टम, विभिन्न सुविधाओं, मेंटरशिप कार्यक्रमों और स्टार्टअप्स को मिलने वाली सहयोग सेवाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने छात्राओं को नौकरी खोजने की बजाय नौकरी देने वाला बनने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि वर्तमान समय में एक नया और नवाचारी विचार सबसे बड़ी पूंजी है, जिसे सही दिशा में ले जाकर एक सफल स्टार्टअप में बदला जा सकता है। उन्होंने समझाया कि एक सफल स्टार्टअप के लिए सबसे पहले किसी समस्या की पहचान करना और उसके समाधान के लिए अभिनव उपाय खोजना आवश्यक होता है।

भगवान शिव, माता पार्वती को समर्पित है यह पूजा

# मारवाड़ी समाज ने की गणगौर पूजा, गाए गीत





मारवाड़ी समाज में गणगौर पूजा शुरू हो गई। गणगौर व्रत का विवाहित महिलाओं के लिए विशेष महत्व है। इस पूजा को वे अपने पति की लंबी उम्र के लिए करती हैं। कुंवारी कन्याएं भी इस व्रत को रखती हैं, क्योंकि मान्यता है कि इससे उन्हें मनचाहा वर मिलता है।

हिंदू धर्म में गणगौर पूजा अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है। यह व्रत, पूजा भगवान शिव और माता पार्वती को समर्पित है। इस पूजा को करने से भगवान शिव और माता पार्वती का आशीर्वाद प्राप्त होता है। यह व्रत चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को मनाई जाएगी। इसे तृतीया तीज के नाम से भी जाना जाता है। विनोबा नगर एल-5 निवासी मेघा भट्टर एवं हंसा विहार की आयुषि भण्डारी की शादी के बाद पहली गणगौर पूजा है। इनके द्वारा एक साथ गणगौर की पूजा की जा रही है। मेघा भट्टर ने बताया कि यह पूजा 16 दिन की होती है। होली के दूसरे दिन से यह पूजा शुरू कर दी जाती है। इस पूजा में व्रती गणगौर बिठाती हैं। जवारा बोती हैं। बिंदोरी, घुड़ला निकाले जाते हैं। इन दोनों की बिंदोरी शुक्रवार 28 मार्च को निकाली जाएगी। आयुषि भण्डारी ने बताया कि उसे गणगौर की पूजा कर काफी अच्छा लग रहा है। उज्ज्वल भविष्य की कामना के साथ वह नियमित रूप से पूजा में शामिल हो रही है। आगे भी वह यह पूजा करती रहेगी।

### की जा रही तीन बार पूजा

श्रीमती भट्टर ने बताया कि गणगौर की तीन बार पूजा की जा रही है। इसमें सुबह पूजा कर दोपहर में पानी पिलाई जाती है। रात्रि में गीत गाए जाते हैं। यही वजह है कि जहां गणगौर की स्थापना की गई है वहां गीत-आया रे आया चैत का महीना और गणगोर का त्यौहार.., शिव-गौराजी का रहे हमेशा सभी के सिर पर हाथ..,चलो सखियों, मिल सिंधारा करें और नई ब्यावलियों का लाड मनुहार, लजीज व्यंजन का आनंद लें और मनाएं मिलजुल कर ये त्यौहार...की हर दिन गूंज हो रही है।

### गणगौर का सिंधारा 1 को

अखिल भारतीय अग्रवाल महिला सम्मेलन छत्तीसगढ़ प्रदेश इकाई बिलासपुर द्वारा गत वर्षों की तरह हिन्दू नववर्ष और गणगौर का सिंधारा निम्बार्क भवन विद्यानगर में 1 अप्रैल को मनाया जाएगा। जिसमें गणगौर तंबोला, हाउजी, श्लोक या कविता बोलो प्रतियोगिता कराई जाएगी। इसमें 2 मिनट का समय दिया जाएगा। सरी.प्रतियोगिता में गणगौर के यादगार पलों की एक मिनट की रील 30 मार्च तक बनाकर भेजना है। पंचुअल्टी का समय सवा 3 से साढ़े 3 बजे के बीच रहेगा। यह जानकारी संस्था की प्रदेश अध्यक्ष आशा अग्रवाल ने दी।

बिलासपुर

निम्बार्क भवन में चल रही भागवत कथा में उमड़ी भीड़

# गौ संवर्धन से ही होगा पृथ्वी की बुराइयों का अंत: चैतन्य किशोर





सद्गुरुदेव एवं श्रीराधारानी की संरक्षण में श्रीराधा कृष्ण उत्सव सखी परिकर बिलासपुर के तत्वावधान में नववर्ष 2082 के आगमन पर श्री निम्बार्क भवन विद्यानगर में आयोजित श्रीमद्भागवत सप्ताह ज्ञानयज्ञ में कथा वाचक श्रीधाम वृन्दावन श्री चैतन्य किशोर कटारे महाराज ने गुरुवार को बाल कृष्ण लीला एवं गोवर्धन पूजा के महत्व की कथा पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि भगवान कृष्ण बचपन में काफी नटखट थे।

कथा वाचक चैतन्य महराज ने माखन चोरी की लीला का वर्णन करते हुए उन्होंने भगवान कृष्ण के बाल रूप पर प्रकाश डाला और बताया कि जब श्रीकृष्ण भगवान पहली बार घर से बाहर निकले तो उनकी बृज से बाहर मित्र मंडली बन गई। सभी मित्र मिलकर रोजाना माखन चोरी करने जाते थे। सब बैठकर पहले योजना बनाते किस गोपी के घर माखन की चोरी करनी है। श्रीकृष्ण माखन लेकर बाहर आ जाते और सभी मित्रों के साथ बांटकर खाते थे। उन्होंने बताया कि भगवान कृष्ण बचपन में नटखट थे।

### संगीतमयी भजनों की प्रस्तुति

भागवत कथा के बीच-बीच में संगीतमयी भजनों की प्रस्तुति दी जाती रही। इस दौरान श्रद्धालुओं ने नृत्य कर अपना भक्तिभाव प्रकट किया। कथा का श्रवण करने श्रद्धालुओं की काफी भीड़ रही। इस मौके पर कमला केडिया, आशा, राम अवतार अग्रवाल, उषा, निधि अग्रवाल, निशा, विमला, कुसुम सुल्तानिया, सीमा गुप्ता, रजनी अग्रवाल, शैलेष अग्रवाल, बाल किशन सिंघानिया, विजय गुप्ता, राम किशोर चौधरी, सुनीता चौधरी दीप्ति सहित सखी परिकर, अग्रवाल महिला समिति की बहनें, भाटापारा, रायगढ़, रायपुर से आए समाज के लोग उपस्थित थे।

### श्रीकृष्ण ने उठा लिया था गोवर्धन

कथा वाचक ने गोवर्धन पूजा की कथा पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि गोवर्धन का अर्थ गौ संवर्धन होता है। भगवान श्रीकृष्ण ने गोवर्धन पर्वत मात्र इसीलिए उठाया था कि पृथ्वी पर फैली बुराइयों का अंत केवल प्रकृति एवं गौ संवर्धन से ही हो सकता है। इंद्र के कुपित होने पर श्रीकृष्ण ने गोवर्धन उठा लिया था। इसमें ब्रजवासियों ने भी अपना-अपना सहयोग दिया।

# चेट्रीचंड्र महोत्सव पर झूलेलाल की भव्य शोभा यात्रा निकलेगी

*सिंधी समाज के तत्वाधान में समाज के ईष्ट देवता लाल साई झूलेलाल जयंती चेट्रीचंड्र महोत्सव रविवार को धूमधाम से मनाया जाएगा। भगवान झूलेलाल की शोभायात्रा बड़े धूमधाम से भव्य विराट रूप से निकाली जाएगी।*

शोभायात्रा सुबह 11 बजे बुधवारी बाजार से निकलकर बंधवापारा, धानमंडी रोड़, गुरुनानक चौक, तोरवा नाका, दयालबंद,गांधी चौक, जूना बिलासपुर, कंवरराम कपड़ा बाजार के रास्ते गोल बाजार, सदर बाजार, प्रताप चौक पुराना पुल से सरकंडा होते हुए नए पुल से हेमू कालानी चौक, जरहाभाटा के रास्ते सिंधी कॉलोनी में विसर्जित होगी।

शोभायात्रा में लाल झूलेलाल की प्रतिमा के साथ विभिन्न संतरंगी धार्मिक झांकियां, संत शिरोमणि संत कंवरराम जी की भजन कीर्तन करती हुई संजीव झांकी, लालसाई झूलेलाल की विराट प्रतिमा के सामने बिलासपुर में अद्वितीय समाज की ग्रुप सिंधी डंडियों की धूम मचेगी। इस शोभा यात्रा का भव्य आतिशबाजी, के साथ-साथ भव्य स्वागत और चारों तरफ आयो लाल झूलेलाल के नारों के साथ भक्ति भाव से समस्त पूज्य सिंधी वार्ड पंचायतों के साथ सर्व समाज द्वारा भव्य स्वागत किया जाएगा। शोभायात्रा की तैयारी में पूज्य सिंधी सेंट्रल पंचायत, सिंधी युवक समिति, समस्त पूज्य सिंधी वार्ड पंचायतें, सिंधी युवा विंग, सिंधी महिला विंग एवं समस्त सिंधी समाज जोर शोर से लगा हुआ हैं।



### अक्षय तृतीया पर 'कन्यादान महायज्ञ' 30 को

निर्धन परिवारों की बेटियों के सम्मानजनक विवाह के उद्देश्य से शोभा टाह फाउंडेशन द्वारा अक्षय तृतीया के अवसर पर सामूहिक विवाह कार्यक्रम 'कन्यादान महायज्ञ' का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन लगातार 11वें वर्ष किया जा रहा है। इस वर्ष 30 अप्रैल को आयोजित होगा। कार्यक्रम में शामिल होने के लिए रजिस्ट्रेशन निःशुल्क रखा गया है। इच्छुक परिवार डीएसएस कॉम्प्लेक्स, मुंगेली नाका पहुंचकर पंजीकरण करा सकते हैं। फाउंडेशन के अनुसार, इस आयोजन का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की कन्याओं का सामूहिक विवाह कराकर उन्हें सामाजिक सम्मान देना है।

**शोभा टाह फाउंडेशन पिछले 11 वर्षों से करा रहा निर्धन कन्याओं का सामूहिक विवाह**

विधायक अमर ने दी कलाकारों को बड़ी सौगात

# संगम नाट्य समिति की गोष्ठी में रंग कर्मियों ने किया काव्य पाठ

कॉर्नर न्यूज



**बिलासपुर।** विश्व रंगमंच दिवस के अवसर पर संगम नाट्य समिति ने काव्य गोष्ठी एवं नाट्य पाठ का आयोजन शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राजेन्द्र नगर में किया। इसमें रंग कर्मियों ने कविताओं का पाठ किया गया।

कार्यक्रम के आरंभ में संस्था के निर्देशक शैलेन्द्र मणि कुशवाहा ने सभी का स्वागत किया। डॉ. रत्ना मिश्रा ने कवि गोपाल दास नीरज की कविता, शिव पवार द्वारा स्वरचित शेर और कविता का वाचन किया। युवा रंगकर्मी रोहित वैष्णव और क्षितिज ने विख्यात कवियों की कविताओं का पाठ किया। युवा रंगकर्मी डॉ. धीरज सोनी, रोहित वैष्णव, मोहित वंशीवाल, क्षितिज महोबिया, प्रशंसा शुक्ला, अतुल चंद्रवंशी ने मानव कौल द्वारा लिखित नाटक बलि और शंभू के नाट्य का पाठ किया। आभार प्रदर्शन संस्था के निर्देशक शैलेन्द्र मणि कुशवाहा ने किया। कार्यक्रम में शहर के युवा, वरिष्ठ अभिनेता, अभिनेत्री सहित दर्शक मौजूद रहे।

## रंगमंच व हॉल के लिए दो करोड़ देने की घोषणा

विश्व रंगमंच दिवस पर बिलासपुर शहर के कलाकारों का विधायक अमर अग्रवाल ने एक बहुत बड़ी सौगात दी। उन्होंने अलग-अलग विधा से जुड़े विभिन्न संस्थाओं की मांग पर रंगमंच व हॉल के लिए दो करोड़ रूपए देने की घोषणा की। राजकिशोर नगर स्थित स्मृति वन में एक जगह देने चर्चा भी हुई।



शहर के कलाकारों के दल बिलासपुर आर्टिस्ट एसोसिएशन के संयोजक अभिजीत मित्रा, डॉ संजय मेहता, संज्ञा टंडन, सुनील चिपड़े के नेतृत्व में गुरुवार को पूर्व मंत्री एवं विधायक अमर अग्रवाल से मिलने उनके निवास स्थान पहुंचे। इसमें अलग-अलग विधा से जुड़े विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधि मौजूद थे। इस दल ने विधायक से एक ऐसे विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियों से जुड़े हॉल और मंच की मांग की, जहां कलाकार एकजुट हो सके, लगातार गतिविधियां जारी रख सके और संस्कृतिधानी बिलासपुर में लगातार सांस्कृतिक गतिविधियों को मूर्त रूप दे सके। वर्तमान में नगर में जो भी हॉल उपलब्ध है, उसका किराया बहुत ज्यादा है जिसको छोटी संस्थाएं देने में सक्षम नहीं हो पाती है और कई बार किसी और राजनीतिक या अन्य कार्यक्रम होने के कारण सांस्कृतिक गतिविधियों को स्थगित करना पड़ जाता है। अन्य शहरों की तरह कलाकारों के लिए एक इस तरह के रंगमंच और हॉल की मांग करने पर विधायक ने इसके लिए दो करोड रुपए उपलब्ध कराने की घोषणा की लेकिन शहर के बीच कोई स्थान उपलब्ध न होने के कारण दो-तीन स्थानों के बारे में चर्चा हुई। जिसमें राजकिशोर नगर स्थित स्मृति वन में एक स्थान देने की बात शामिल है। जिसको देखने के लिए इस कला समूह से चंपा भट्टाचार्य, अरुण भांगे, अजय श्रीवस्तव, अनीश श्रीवास, शिवांगी मुदलियार व अन्य कलाकार पहुंचे और वहां का निरीक्षण किया।

27-MAR--REGNOL-pg-4_Layout 1 3/27/2025 11:13 PM Page 1



## खबर संक्षेप

### आर्य बने छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स के उपाध्यक्ष



**मुंगेली।** छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स के लिए प्रेम आर्य को निर्विरोध प्रदेश उपाध्यक्ष चुना गया एवं जिला इकाई के मंत्री पद पर प्रवीण वैष्णव का सर्वसम्मति से चयन हुआ। दोनों निर्विरोध निर्वाचित प्रतिनिधियों के टयन पर व्यापारियों ने उनको को बधाई दी। प्रदेश में छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की चुनावी गतिविधियां जारी हैं। मुंगेली जिले के व्यापारियों ने एकजुटता का परिचय देते हुए वरिष्ठ व्यापारियों ने सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया है।

### रामनवमीं पर होगी राम मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा



**तखतपुर।** श्रीराम मंदिर का निर्माण कार्य सांस्कृतिक भवन के पास लगभग पूरा होने की स्थिति में है। यहां रामनवमीं के अवसर पर विधि-विधान के साथ भगवान श्रीराम की मूर्ति की प्राण-प्रतिष्ठा की जाएगी। मंदिर निर्माण पूरा होने के बाद नगर में लोगों को भगवान श्रीराम का भव्य मंदिर मिलेगा और श्रद्धालुओं को भगवान श्रीराम की पूजा अर्चना करने का सौभाग्य मिलेगा। लम्बे समय से नगरवासियों को भगवान श्रीराम के मंदिर की इच्छा थी जो अब पूरी होने जा रही है। रामनवमीं के शुभ अवसर पर राम मंदिर में भगवान श्रीराम विराजित होंगे। मंदिर के काम का जायजा लेने के लिए कांग्रेस नेता आशीष सिंह ठाकुर, नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि आतमजीत सिंह मक्कड़, पार्षद मुन्ना श्रीवास, लक्ष्मी यादव पहुंचें।

### राजयोगिनी दादी जानकी का 5वां पुण्य स्मृति दिवस मना



**तखतपुर।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय सुख शांति भवन में संस्था की पूर्व मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी दादी जानकी का 5वां पुण्य स्मृति दिवस मनाया गया। संस्था प्रभारी ममता दीदी ने उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि दादी जानकीजी का जीवन साक्षात योग की जीती जागती मिसाल है। उन्होंने योग साधना से मन को इतना संयमित, पवित्र, शुद्ध और सकारात्मक बनाया कि वे जिस समय जिस संकल्प पर जितनी देर चाहती स्थिर रह सकती थीं। इसलिए विश्व की सबसे स्थिर मन वाली महिला का वर्ल्ड रिकॉर्ड है। यही कारण है कि जीवन के 103 वर्ष की आयु में भी आपकी ऊर्जा और उत्साह देखते ही बनता था। केवल भारत ही नहीं बल्कि विश्व के 140 देश में अपनी मौजूदगी से लाखों लोगों की जिंदगी मे सकारात्मकता संचार किया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से घनश्याम जांगड़े, विमला जांगड़े, देवचरण यादव, रत्ना बहन चंचल बहन, रामप्रसाद साहू, विनोद अग्रवाल, टिंकू अग्रवाल, अशोक कश्यप, नारद कश्यप, महेंद्र कश्यप, माधवी यादव, डॉ संध्या कश्यप, कस्तूरी माता, चितवन भाई, अंजूलता, सरला बहन सहित अनेक भाई-बहन उपस्थित रहे।

### पेयजल की समस्या पर बारमते ने जपं सीईओ का ध्यान आकृष्ट कराया



**सेतगंगा-मुंगेली।** जनपद सदस्य जानकी बोगी बारमते ने नागोपहरी जनपद पंचायत क्षेत्र में पेयजल की गंभीर समस्या और शिक्षा की बदहाली व्यवस्था को दुरुस्त करने जनपद पंचायत सीईओ का ध्यान आकृष्ट कराया है। नागोपहरी जनपद पंचायत क्षेत्र में इन दिनों पेयजल की समस्या भयावह होती जा रही है। परिक्षेत्र में संचालित हैंडपंप जवाब दे चुकी है, जिसके चलते ग्रामीणों को पानी की समस्या से जूझना पड़ रहा है। इन दिनों जहां भूजल 100 से 300 फीट में पानी की अच्छी उपलब्धता थी वहीं अब 300 से 500 फीट की गहराई तक जाना पड़ता है। नल-जल योजना का भी हाल बुरा है, योजना के तहत घरों घर स्वच्छ व शुद्ध जल पहुंचाना था जिसके लिए बड़ी रकम खर्च करने के बाद भी ग्रामीणों को लाभ मिलता नजर नहीं आ रहा है। इसके पीछे मुख्य कारण ठेकेदारों की लापरवाही और विभागीय अधिकारियों की उदासीनता ही है। जनपद सदस्य जानकी बोगी बारमते ने जनपद पंचायत सीईओ से परिक्षेत्र में बोर खनन कार्य अविलंब कराने मांग की है।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत



**पथरिया।** पथरिया-लछनपुर मोड़ के आगे गुरुवार की शाम लगभग 4 बजे बाइक सवार एक युवक को किसी अज्ञात वाहन ने ठोकर मार दी, जिससे युवक के सिर मे गंभीर चोट आई एवं मौके पर ही उसकी मौत हो गई। पुलिस से मिली जानकरी के अनुसार गुरुवार को राकेश वर्मा उम्र 30 वर्ष निवासी जोता जो अपने निजी कार्य से पथरिया नगर आया हुआ था। वह वापस अपनी बाइक से ग्राम जोता जा रहा था, तभी नगर से थोड़ दूरी पर विपरीत दिशा की ओर से आ रहे अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी जिससे राकेश वर्मा की घटना स्थल पर ही मौत हो गई।

मुख्यमंत्री कन्या सामूहिक विवाह योजना में 192 जोड़ों ने लिए सात फेरे

# राज्य सरकार गरीब परिवारों की आर्थिक परेशानियों को कम करने प्रतिबद्धः साव

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

■ सामूहिक विवाह में शामिल हुए डिप्टी सीएम

मुख्यमंत्री कन्या सामूहिक विवाह योजना के तहत गुरुवार को मुंगेली जिला मुख्यालय में आयोजित सामूहिक विवाह में 192 जोड़े पारंपरिक रीति-रिवाजों से दाम्पत्य बंधन में बंधे। मुंगेली के डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्टेडियम में बेहद उत्साहपूर्ण माहौल में आयोजित सामूहिक विवाह समारोह में बाजे-गाजे के साथ बारात निकाली गई और कार्यक्रम स्थल पहुंचने पर सभी दूल्हों का भव्य स्वागत किया गया। उप मुख्यमंत्री अरुण साव अपनी धर्मपत्नी मीना साव के साथ सामूहिक विवाह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने सभी नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दिया और उनके सुखी दाम्पत्य जीवन की कामना की। सभी नवविवाहित जोड़ों को राज्य शासन की ओर से 35-35 हजार रुपए के चेक एवं उपहार भेंट किए गए। विधायक पुन्नूलाल मोहले भी आयोजन में शामिल हुए।



नवदंपती को उपहार स्वरूप चेक प्रदान करते डिप्टी सीएम अरुण साव।

**सरकार चला रही कल्याणकारी योजनाएंः मोहले**

विधायक पुन्नूलाल मोहले ने नवविवाहित जोड़ों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री कन्या सामूहिक विवाह योजना के तहत प्रत्येक जोड़े को 35-35 हजार रुपए का चेक और 15 हजार रुपए के उपहार दिए जा रहे हैं। उन्होंने लोगों से सरकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की और कहा कि सरकार आवास, स्वास्थ्य, शिक्षा, पेयजल, बिजली एवं अन्य बुनियादी जरूरतों के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं चला रही हैं। कलेक्टर राहुल देव, पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल, वनमंडलाधिकारी संजय यादव, जिला पंचायत के सीईओ प्रभाकर पाण्डेय, जिला पंचायत के अध्यक्ष श्रीकांत पाण्डेय और उपाध्यक्ष शांति देवचरण भास्कर सहित जनप्रतिनिधि, वर-वधू के परिजन और गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में कार्यक्रम में मौजूद थे।

उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने सामूहिक विवाह समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार गरीब परिवारों की आर्थिक परेशानियों को कम करने के लिए प्रतिबद्ध है। विवाह और इलाज दो ऐसे बड़े खर्च हैं जिन्हें अब सरकार उठा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आयुष्मान भारत योजना के तहत पांच लाख रुपए तक का निःशुल्क इलाज उपलब्ध कराया जा रहा है। वहीं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की सरकार ने गरीब परिवारों के लिए कन्या विवाह योजना को सशक्त बनाया है।

उन्होंने 192 जोड़ों के विवाह के सफल आयोजन के लिए जिला प्रशासन को बधाई दी और कहा कि सरकार आगे भी इसी तरह जरूरतमंदों की मदद करती रहेगी।

**ये रहे मौजूद**

कार्यक्रम में जिला कार्यक्रम अधिकारी संजुला शर्मा ने मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना की विस्तृत जानकारी दी और आगंतुकों का आभार व्यक्त किया।

मंच संचालन जिला कलेक्टोरेट के अधीक्षक अशोक सोनी ने किया। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष दीनानाथ केशरवानी, जनपद पंचायत अध्यक्ष रामकमल सिंह परिहार, संजय वर्मा, आशीष मिश्रा, सुनील पाठक, लोकनाथ सिंह, नगर पालिका उपाध्यक्ष जयप्रकाश मिश्रा, मण्डल अध्यक्ष राजीव श्रीवास, जनपद सदस्य पवन पाण्डेय, सौरभ बाजपेयी, प्रेमलता वर्मा, माधवी मिश्रा, रजनी पाठक, पार्षदगण दिलीप सोनी, अरविंद वैष्णव, विजय बंजारा सहित जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।



बैठक को संबोधित करते विधायक सुशांत शुक्ला।

## विधायक सुशांत ने पीएम की सभा को लेकर ली बैठक

**लगरा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 30 मार्च को बिलासपुर जिले के बिल्हा जनपद पंचायत के ग्राम मोहभट्ठा में सभा लेंगे। सभा को लेकर बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला ने गुरूवार को विधायक कार्यलय सेवा सदन में बेलतरा पूर्व व बेलतरा पश्चिम मंडल के कार्यकर्ताओ की बैठक ली।

विधायक शुक्ला ने कहा कि देश के यस्शवी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लगभग 57 सौ करोड़ रूपए के विभिन्न विकास कार्यो का शिलान्यास व लोकार्पण करेंगे। वे रेलवे की बिलासपुर-रायपुर चौथी लाईन, एनटीपीसी के 800 मेगावाट युनिट का शिलान्यास करेंगे। इसके अलावा विभिन्न विकास कार्यो का शिलान्यास व लोकार्पण कार्यक्रम होगा। उन्होंने लोगों से सभा को ऐतिहासिक बनाने का आह्वान करते हुए कहा कि बेलतरा विधानसभा संगठन के मामले में हमेशा आगे रहा है। मुझे विश्वास है कि आमसभा के पहली पंक्ति में बेलतरा विधानसभा की भीड़ सबसे अधिक होगी। इस दौरान सभा स्थल पहँचने पार्किंग व्यवस्था को लेकर विचार किया गया एवं भीड़ में किसी भी प्रकार की परेशानी न हो इसके लिए रूपरेखा तय की गई।

बैठक में जिला पंचायत के अध्यक्श राजेश सूर्यवंशी, उमेश गौरहा, डॉ तिलकराम साहू, विजयधर दीवान राजेश्वर शर्मा, राजेन्द्र अग्रहरि, यास्मिन खान, पवन कश्यप, मोनू रत्नाकर, धनंजय त्रिपाठी, जीतू साहू, रामनिवास शास्त्री, शैल भोई, रेखा सूर्यवंशी, जय वाधवानी, रमेश पटेल, हेमंत मरकाम शैलू गोरख विश्णु साहू सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## मनरेगा कर्मियों ने सीएम, डिप्टी सीएम पंचायत मंत्री के नाम दिया ज्ञापन

**मुंगेली।** मनरेगा कर्मियों ने अपने सुरक्षित भविष्य के लिए जिला मुख्यालय में रैली निकालकर मुख्यमंत्री विष्णु देवसाय, उपमुख्यमंत्री एवं पंचायत मंत्री विजय शर्मा के नाम से कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा।



रैली में शामिल मनरेगाकर्मी।

19 वर्षों से सेवा देने के बाद भी इन कर्मचारियों के लिए न तो मानव संसाधन निधि बन पाई और ना ही इनको सम्मानजनक नौकरी नसीब हो रही है। छत्तीसगढ़ मनरेगा कर्मचारी महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष अजय क्षत्रिय ने बताया कि 30 वर्ष उच्च शिक्षा प्राप्त की तब जाकर नौकरी मिली। मनरेगा योजना में जितने भी पद है वो किसी न किसी विषय में दक्ष है। सहायक परियोजना अधिकारी, प्रोग्रामर, कार्यक्रम अधिकारी, तकनीकी सहायक, लेखापाल, ऑपरेटर से लेकर रोजगार सहायक तक के सभी कर्मचारियों को निर्माण कार्यों के तकनीकी पहलुओं की जानकारी के साथ एवं ऑनलाइन कार्यो की दक्षता अनिवार्य है। योजना में कार्य करने वाले बहुत से कर्मचारी वर्तमान में बुढ़ापे की दहलीज पर हैं, जिनकी उम्र 50 के आसपास अथवा इससे भी अधिक की हो गई है। उम्र के इस पड़ाव में उन्हें अपना भविष्य असुरक्षित नजर आ रहा है।

### गांव का युवा फोरेंसिक एक्सपर्ट के रूप में देगा सेवा



**लोरमी।** ग्राम साल्हेघोरी के रहने वाले डॉ अविनाश सिंह ठाकुर, जो स्व बलीराम कश्यप स्मृति शास चिकित्सा महाविद्यालय डिमरापाल जगदलपुर में एमबीबीएस की पढ़ाई के बाद एमडी फॉरेंसिक मेडिसिन की पढ़ाई कर रहे थे, अब स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत फोरेंसिक एक्सपर्ट के रूप में प्रदेश में सेवा देंगे। अविनाश की 12वीं तक की पढ़ाई नगर के स्कूल में हुई। अविनाश सिंह ने बताया कि उन्होंने इसके लिए लगन के साथ कड़ी मेहनत की है एवं एमबीबीएस के बाद एमडी फॉरेंसिक मेडिसिन की पढ़ाई में सफल हुए हैं। उन्होंने कहा कि वे प्रदेश में स्वास्थ्य के क्षेत्र में बेहतर काम करेंगे।

## नशीले इंजेक्शन की तस्करी पर पुलिस का प्रहार

■ सप्लायर सहित 4 आरोपी गिरफ्तार

**गौरेला।** गौरेला पुलिस और साइबर सेल जीपीएम ने नशीले इंजेक्शनों की तस्करी पर बड़ी कार्रवाई करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह अभियान पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के निर्देश और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ओम चंदेल के मार्गदर्शन में संचालित किया गया।

26 मार्च की रात पुलिस टीम अंडर ब्रिज, पुराना गौरेला के पास वाहनों की जांच कर रही थी। इस दौरान एक टीवीएस अपाचे सीजी 13 आर 3540 सवार तीन युवकों को रोका गया। तलाशी के दौरान उनके पास से 20 नग ब्यूप्रेनॉर्फिन इंजेक्शन और 20 नग एविल इंजेक्शन बरामद हुए। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत विधिवत जब्ती बनाते हुए तीनों को गिरफ्तार किया। पूछताछ और तकनीकी विश्लेषण के आधार पर इन नशीली दवाओं की आपूर्ति करने वाले मनेन्द्रगढ़ निवासी सलमान खान को भी हिरासत में लिया गया। गिरफ्तार आरोपियों में अतुल साहू, मनीष मसीह उर्फ मोनू, लक्ष्मण सारथी उर्फ करिया और सलमान खान शामिल हैं। इनके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा



21, 22(सी) और 29 के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस अब इस नेटवर्क के अन्य सदस्यों और फाइनेंशियल ट्रांजेक्शन की जांच कर रही है ताकि पूरे गिरोह को बेनकाब किया जा सके। पुलिस की जांच में यह भी सामने आया है कि सलमान खान पूर्व में वर्ष 2021 में एनडीपीएस एक्ट के तहत जेल जा चुका है और आदतन तस्कर है। वहीं, लक्ष्मण सारथी उर्फ करिया पूर्व में चोरी और मारपीट के मामलों में जेल जा चुका है। अन्य आरोपियों के आपराधिक रिकॉर्ड की भी जांच की जा रही है।

कर्मचारियों को चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने हेतु अभिनव पहल

## पेंड्रारोड स्टेशन में लॉकअप डिस्पेंसरी की सुविधा का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ पेंड्रा

मंडल प्रशासन, रेल कर्मियों व उनके आश्रितों को बेहतर से बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध करने हेतु प्रतिबद्ध है। रेलवे कर्मचारियों के स्वास्थ्य के लिए रेलवे चिकित्सालय के साथ ही उनके कार्यस्थलों में भी स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन कर उन्हें स्वास्थ्य लाभ अथवा स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।

इसी क्रम में मंडल के पेंड्रारोड रेलवे स्टेशन व आसपास के क्षेत्र में कार्यरत, सेवानिवृत्त व उनके आश्रितों की बेहतर स्वास्थ्य और सुरक्षा को सुनिश्चित करने हेतु एवं समय पर प्राथमिक चिकित्सा, दवाएं और बुनियादी स्वास्थ्य संबंधी सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से पेंड्रा रोड रेलवे स्टेशन में लॉकअप डिस्पेंसरी का शुभारंभ किया गया। इस डिस्पेंसरी का शुभारंभ मंडल रेल प्रबंधक राजमल खोईवाल के मार्गदर्शन में किया गया। लॉक-अप डिस्पेंसरी एक छोटा चिकित्सा केंद्र है जो रेलवे कर्मचारियों को उप-स्वास्थ्य केंद्र की तरह प्राथमिक चिकित्सा, दवाएं और बुनियादी स्वास्थ्य संबंधी सहायता प्रदान करता है। लॉकअप डिस्पेंसरी में टीकाकरण सहित प्राथमिक उपचार की सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। इस डिस्पेंसरी में सप्ताह भर में एक दिन प्रत्येक बुधवार को नियमित ओपीडी की सुविधा मिलेगी, जहां पर रेलवे चिकित्सकों तथा प्रशिक्षित मेडिकल स्टाफ द्वारा इलाज के साथ ही स्वास्थ्य संबन्धित



मरीजा का उपचार करतीं डाक्टर।

परामर्श दिया जाएगा। मंडल रेल प्रबंधक राजमल खोईवाल ने कहा कि कर्मचारियों की सुरक्षा और स्वास्थ्य हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस लॉकअप डिस्पेंसरी के माध्यम से मंडल के ज्यादा से ज्यादा कर्मचारियों को उनके कार्यस्थलों के नजदीक ही स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने की नवीन पहल की गई है। इस नई सुविधा से न केवल पेंड्रारोड बल्कि आसपास के स्टेशनों के कर्मचारी लाभान्वित होंगे।

## आवेदनों का जल्द निराकरण करने का प्रयास करेंः मरपच्ची

■ कलेक्टर ने दिए समस्याओं के त्वरित निराकरण के निर्देश

**पेंड्रा।** विधायक, कलेक्टर, जिला पंचायत अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष सहित अनेक जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में जिला मुख्यालय के अंतिम छोर के ग्राम पंचायत उषाढ़ में गुरूवार को जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित किया गया।

शिविर में विधायक प्रणव कुमार मरपची ने कहा कि गरीब एवं भोले-भाले ग्रामीणों की सुविधा के लिए सरकार द्वारा दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में शिविर आयोजित कर लोगों की समस्याओं का समाधान किया जाता है। उन्होंने जिला अधिकारियों को शिविर की अहमियत को समझने और गंभीरता से अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए शिविर में प्राप्त आवेदनों का जल्द से जल्द निराकरण करने का प्रयास करने को कहा। कलेक्टर लीना कमलेश मंडावी ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप ग्रामीणों की



जनसमस्या निवारण शिविर में शामिल विधायक।

सुविधा के लिए पंचायत स्तर पर जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। जिला पंचायत की अध्यक्ष समीरा पैकरा, उपाध्यक्ष राजा उपेन्द्र बहादुर सिंह एवं सदस्य बूंदकुंवर मास्को ने दूरस्थ क्षेत्र में जिला स्तरीय शिविर आयोजित कर ग्रामीणों को योजनाओं से लाभान्वित करने एवं उनकी समस्याओं का त्वरित निराकरण के लिए जिला प्रशासन को धन्यवाद दिया। शिविर में समाज कल्याण विभाग की दिव्यांगजन विवाह प्रोत्साहन योजना, उच्च शिक्षा प्रोत्साहन योजना एवं सहायक उपकरण योजना के तहत हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। शिविर में 24 स्कूली बच्चों को जाति प्रमाण पत्र एवं राजस्व विभाग द्वारा किसान किताब प्रदान की गई। जनसमस्या निवारण शिविर में जिला पंचायत सदस्य राधा मुरारी रैदास एवं राजेश नंदिनी, जनपद अध्यक्ष जानकी कुसरो एवं उपाध्यक्ष अरविंद जायसवाल, जनपद सदस्य किशमिश भानू, सरपंच गेंदलाल सहित अनेक नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक, एसडीएम प्रफुल्ल रजक, तहसीलदार प्रीति शर्मा, जनपद सीईओ विनय सागर, सहित अन्य मौजूद थे।

नवनिर्वाचित जपं सदस्यों की प्रथम सामान्य सभा

## शिक्षा, पानी की समस्या पर चिंतित दिखे जनप्रतिनिधि

**तखतपुर।** जनपद पंचायत तखतपुर में नवनिर्वाचित जनपद सदस्यों की प्रथम सामान्य सभा की बैठक बुधवार को जनपद सभा कक्ष में आयोजित की गई। बैठक में जनपद सदस्यों ने शिक्षा विभाग और लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के संबंध में शिकायतों की झड़ी लगा दी।

शिक्षा विभाग के अधिकारी से जनपद उपाध्यक्ष राकेश तिवारी ने विभाग की कार्य योजना के बारे में जानकारी मांगी, वही जनपद अध्यक्ष माधवी वस्त्रकार ने विकासखंड अंतर्गत चल रहे स्मार्ट क्लास के संबंध में जानकारी लेते हुए प्राइमरी स्कूलों को स्मार्ट का क्लास में बदलने की बात कही। जनपद सदस्य मनहरण कौशिक ने स्कूलों में पेयजल की समस्या को बताते हुए कहा कि आज सभी स्कूलों में पेयजल की समस्या है,



सामान्य सभा में शामिल जनप्रतिनिधि।

जिसको जल्द दूर किया जाना जरूरी है। जनपद सदस्य ऋषभ कश्यप ने कहा कि स्कूलों में रंग-रोगन व मरम्मत के लिए दी गई राशि का प्रधान पाठकों द्वारा दुरुपयोग किया गया है। साथ ही उन्होंने उक्त राशि की जांच करने की मांग की। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारी अरुण भार्गव एवं सहायक अभियंता साकेत ने विभागीय जानकारी देते हुए बताया कि तखतपुर विकासखंड पेयजल के संबंध में डेंजर जोन में पहुंच चुका है। उन्होंने बताया कि 18 दिसंबर से अभी तक विभाग के द्वारा 154 बोर कराए गए हैं। जिसमें अधिकांश जगह बोर फेल हो गया है। जनपद सदस्य श्याम सिंह ध्रुव ने बताया कि ग्राम पंचायत भीमपुरी में करीब 3 साल से पानी टंकी बन कर तैयार है, परंतु आज तक तीन दिन भी लोगों को पानी नहीं मिल पाया है।

इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष माधवी संतोष वस्त्रकार, उपाध्यक्ष राकेश तिवारी, सीईओ सत्यव्रत तिवारी, जनपद सदस्य अरुण चौहान, श्याम सिंह ध्रुव ,भारत मरकाम ,सावित्री मरकाम, दुर्गा राजू सिंह, ऋषभ कश्यप, बबीता देवी जांगड़े, लक्ष्मी दुर्गा साहू, संगीता टांडे, सीमा अश्वनी श्रीवास, मनहरण लाल कौशिक, गीता कृष्ण कुमार यादव, रामकुमार सिंगरौल, कविता महेश यादव, जया जलेश्वर साहू, रंजना तुलसी कौशिक ,दिलीप कुमार ध्रुव, सालनी सुभाष गड़ेवाल, परमेश्वर पटेल, सावित्री बलराम श्रीवास, रानी रवि सोनी , लखन लाल सूर्यवंशी, मेलन बाई हीरा सिंह सहित विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

## गौरेला पालिका प्रशासन ने 7 दुकानों को किया सील



**गौरेला।** नगर पालिका का राजस्व विभाग वित्तीय वर्ष के अंत से पहले अपने निर्धारित टैक्स वसूली लक्ष्य को पूरा करने में जुटा हुआ है। इस सिलसिले में नगर पालिका ने तय समय सीमा में टैक्स भुगतान न करने वाले दुकानदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए उनकी दुकानों को सील करना शुरू कर दिया है। किराया ना अदा करने पर 7 दुकानों को सील किया गया जिसमें मेरेश्वर राम पिपरिया दत्तात्रेय गार्डन की, लालमन राठौड़ जिला सत्र न्यायालय के सामने,सुनील सोनकर नया बस स्टैंड, रमेश कवंर ,देवनारायण महंगी लाल आर्मो,साईं कॉम्प्लेक्स) कृष्ण कुमार काछी मंगली बाजार में दुकानों को सील किया गया। विभाग से मिली जानकारी अनुसार अनेक दुकानदारों ने वर्ष 2019 से अपनी दुकानों का किराया जमा नहीं किया गया है।

## खबर संक्षेप

### आर्ट ऑफ लिविंग का छग स्पेशल प्रोग्राम 20 मई से

**तखतपुर।** आर्ट ऑफ लिविंग का छत्तीसगढ़ स्पेशल प्रोग्राम 20 से 23 मई तक आर्ट ऑफ लिविंग इंटरनेशनल आश्रम बैंगलोर में आयोजित किया जा रहा है। इस संबंध में जानकारी देते हुए प्रशिक्षक विकास साहू ने बताया कि आर्ट ऑफ लिविंग के साधकों के लिए छत्तीसगढ़ स्पेशल प्रोग्राम के तहत एडवांस मेडिसिन प्रोग्राम, मेघा लेवल 2 प्रोग्राम, सहज समाधि प्रोग्राम, इंटुशन प्रोग्राम, केवायसी, केवायटी प्रोग्राम शामिल हैं।

### मेड़पार में अखंड नवधा रामायण का आयोजन

**तखतपुर।** अखंड नवधा रामायण का आयोजन 19 से 28 मार्च तक मेड़पार छोटा में आयोजित किया जा रहा है। आयोजन में आचार्य अरूण कुमार तिवारी एवं यजमान सूरज लखन लाल कैवर्त हैं। इस आयोजन में गंगाधर गोस्वामी, अवध राम, बिहारी लाल, अशोक केंवट, उमाशंकर, परमा राम, प्रीतम दास, मनोज कुमार, राजेश निषाद, मनहरण लाल कौशिक, भगत राम निषाद, छेदीलाल सहित अन्य अपना बहुमूल्य सहयोग दे रहे हैं।



### साव की अनुशंसा पर फोरलेन सड़क के लिए 89 करोड़ स्वीकृत

**लोरमी।** डिप्टी सीएम अरूण साव की अनुशंसा पर लोरमी-पंडरिया मार्ग एसएच 10 फोरलेन मार्ग शासकीय महाविद्यालय लोरमी से गोंडखाम्ही तक 9.88 किमी सड़क का चौड़ीकरण एवं निर्माण कार्य के लिए 88 करोड़ 65 लाख 60 हजार की राशि को स्वीकृति मिली है। इसके तहत सड़क के बीचों-बीच डिवाइडर निर्माण, लाइटिंग, गार्डन एवं सड़क के दोनो ओर नाली निमार्ण सहित पुलिया का निर्माण कार्य किया जाएगा। उक्त कार्य के लिए विभाग द्वारा निविदा की तैयारी की जा रही है। फोरलेन सड़क निर्माण को लेकर लोक निर्माण विभाग के द्वारा सर्वे का कार्य शुरु कर दिया है। राजस्व विभाग की टीम सर्वे का कार्य कर रही है। सड़क के दोनो ओर 18-18 मीटर सरकारी जमीन की नाप जोख की जा रही है। इसके बाद सड़क का सेंटर तय कर दोनों ओर 12-12 मीटर का दायरा चिन्हांकित कर सड़क निर्माण की प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

### दिव्यांगों को उपकरण प्रदान करने लगाए जाएंगे शिविर

**मुंगेली।** जिले के दिव्यांगजनों को सीएसआर योजना अंतर्गत निशुल्क मोटराईज्ड ट्रायसायकल एवं सुगम्य केन प्रदान करने हेतु चिन्हांकन के लिए तीनों विकासखण्डों में शिविर का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर ने शिविर के आयोजन हेतु संबंधित विकासखण्डों के सीईओ को नोडल अधिकारियों की नियुक्त की है। समाज कल्याण विभाग के उपसंचालक ने बताया कि 11 अप्रैल को जनपद पंचायत पथरिया के सभाकक्ष में, 12 अप्रैल को जनपद पंचायत लोरमी के सभाकक्ष और 13 अप्रैल को जिला कलेक्टोरेट स्थित जनदर्शन कक्ष में सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक शिविर का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने शिविर में दिव्यांगजनों को यूडीआईडी कार्ड, आय प्रमाण पत्र के साथ आधार कार्ड आदि दस्तावेजों के साथ उपस्थित होने कहा है।

## निधन



### आरपी साहू

**बिलासपुर।** मिनोचा कालोनी निवासी सेवानिवृत जिला आबकारी अधिकारी आरपी साहू का 26 मार्च को निधन हो गया। वे 92 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार सरकंडा मुक्तिधाम में किया गया। वे डॉ. विपिन, विवेक एवं विकास साहू के पिता थे।



### हनुमंत केशरवानी (बबलू)

**बिलासपुर।** बजरंग राइस मिल के स्वर्गीय हीरालाल केशरवानी के पुत्र हनुमंत केशरवानी (बबलू) का 27 मार्च को सुबह 6 बजे निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार सरकंडा मुक्तिधाम में किया गया। वे राजकिशोर व नवल किशोर के भाई एवं विक्रम, त्रिलोकी व रतन के पिता थे।



### गोवर्धनदास नाथानी

**बिलासपुर।** वार्ड क्रमांक 12 झोपड़ापारा कीर्तिनगर नजरलाल पारा निवासी गोवर्धनदास नाथानी का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार बन्नाक चौक सिरगिट्टी मुक्तिधाम में किया गया। वे स्व. सोमनदास नाथानी के पुत्र एवं सुंदर, भगवानदास, राजेश, प्रताप, त्रिलोक व अरुण नाथानी के पिता थे।

## उड़ती धूल व अव्यवस्था की वजह से आए दिन हो रहे गंभीर हादसे

# जर्जर पुल पर मौत बनकर दौड़ रहे भारी वाहन

**मनियारी नदी के दोनों तरफ की सड़क गड्ढे में तब्दील**

हरिभूमि न्यूज ⏭ जरहागांव

मुंगेली से बिलासपुर को जोड़ने वाले मुख्य मार्ग पर मनियारी नदी है, जहां से सड़क पार करना बिल्कुल खतरे से खाली नहीं है। मनियारी नदी के दोनों तरफ की सड़क गड्ढे में तब्दील हो गई है। वहीं बरेला मनियारी के पास जानलेवा गड्ढे, उड़ती धूल, संकीर्ण पुल, टेप नल से पानी बहने और भारी वाहनों के आवागमन के कारण आए दिन जाम की स्थिति बनी रहती है। इसका नतीजा यह है कि राहगीर लगातार दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं।

पिछले वर्ष छात्रा की हो चुकी है मौत- बरेला बिजली ऑफिस के सामने से बायपास सड़क है, जो सीधे बेलसरी मुख्य मार्ग में निकलती है। लेकिन हाइवा, ट्रेलर सहित अन्य भारी वाहन बरेला पुल से होकर गुजरते हैं जिनके कारण आए दिन कोई न कोई दुर्घटना हो जाती है। मिली जानकारी के अनुसार विगत वर्ष कन्या शाला में पढ़ने वाली एक छात्रा पुल के उपर भारी वाहन की चपेट में आ गई, जिससे उसकी मौत हो गई थी।



जर्जर पुल पर बने गड्ढे में भरा पानी।

### डिप्टी सीएम को दी जानकारी

एनएच सड़क की हालत जर्जर है जगह जगह गड्ढे है साथ ही मनियारी पुल संकीर्ण होने के साथ जर्जर हो चुका है इस विषय पर सम्बन्धित विभाग के साथ डिप्टी सीएम अरुण साव तक समस्या की जानकारी भेजी जा चुकी हैं।

**- नरेश पटेल**, अध्यक्ष, नपं बरेला

### समस्या का किया जाएगा समाधान

नगर पंचायत बरेला से गुजरने वाली एनएच में समस्या की शिकायत मिलती रहती है, कहीं पानी भर जाता है या कोई और समस्या हो जाती है, उसका समाधान किया जाता है। सड़क मरम्मत या पुल सम्बन्धित समस्या को लेकर विभाग में जानकारी भेजी जाएगी।

**- चंद्रभूषण बांधे**, सीएमओ, बरेला

### तालाब में तब्दील होती है पुल

बरेला से तखतपुर के लिए संकीर्ण मनियारी पुल से पानी की पाइप गुजरती है। आए दिन पाइप फूटने की वजह से पुल के ऊपर तालाब की तरह पानी भर जाता है, जिससे लोगों को भारी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। ज्ञात हो कि रोजाना सभी विभाग के अधिकारी पुल पार कर मुंगेली जाते हैं लेकिन उनको यह समस्या जरा भी नजर नहीं आती है।

### मरम्मत पर उड़ी धूल

जानकारी के अनुसार पिछले वर्ष बाढ़ के कारण मनियारी पुल का उपरी हिस्सा उखड़ गया एवं मनियारी पुल की मरम्मत के लिए लगभग 50 लाख की राशि जारी की गई। लोगों के अनुसार पुल की मरम्मत के नाम पार महज खानापूर्ति की गई है, नतीजन मनियारी पुल पर भारी मात्रा में धूल में उड़ रही है।

## खेत में वृद्ध की लाश मिलने से सनसनी, जांच में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ लोरमी



ग्राम मसना के एक खेत में वृद्ध का शव मिलने से सनसनी फैल गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को विवेचना में लिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम पिपरखुटा निवासी कविलाश कश्यप उम्र 38 वर्ष ने गुरुवार को थाने में सूचना दी कि उसके पिता दरबारी 70 वर्ष की लाश ग्राम मसना के एक खेत मे पड़ी है। जानकारी के अनुसार 22 मार्च को मृतक दरबारी मसना गांव में आयोजित रासलीला कार्यक्रम देखने गया था। 25 मार्च की दोपहर वह अपने गांव वापस जाने के लिए निकला लेकिन वे गन्तव्य स्थान नहीं पहुंचा।

27 मार्च की सुबह 9 बजे ग्राम मसना से पीपरखूंटा जाने वाले मार्ग पर धान के खेत में मनोज नामक व्यक्ति के खेत मे उसकी लाश ग्रामीणों ने देखी। पुलिस ने बताया कि मृतक के पैर में खेत के फिनसिंग वायर के खरोच के निशान मिले हैं। पुलिस ने घटना स्थल पहुंचकर मृतक की लाश का पंचनामा कर पीएम करने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रवाना किया। पुलिस ने मृतक के पुत्र रिपोर्ट पर मर्ग कायम कर मामले की विवेचना में जुट गई है।

### विवेचना जारी

मसना के खेत में पिपरखुटा के वृद्ध की लाश मिली है, पुलिस मर्ग कायम कर विवेचना में जुट गई है। लाश की पीएम रिपोर्ट प्राप्त कर ली गई है।

**-माधुरी धिरही**

## कांग्रेसियों ने किया प्रदेश सरकार का पुतला दहन



**मुंगेली।** जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष घनश्याम वर्मा के नेतृत्व में नगर के पड़ाव चौक पर प्रदेश की भाजपा सरकार का पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में कांग्रेस संगठन के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया।

बीते दिन एआईसीसी के महासचिव एवं पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, एआईसीसी के सचिव एवं भिलाई विधायक देवेंद्र यादव सहित कई कार्यकर्ताओं के निवास और कार्यालयों पर सीबीआई द्वारा छापेमारी की गई थी। यह कार्रवाई 26 मार्च की सुबह रायपुर स्थित पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के सरकारी आवास और भिलाई स्थित निजी आवास पर की गई। इससे पहले भी प्रवर्तन निदेशालय द्वारा छापेमारी की गई थी। बताया जा रहा है कि यह कार्रवाई महादेव ऑनलाइन सट्टा ऐप मामले से जुड़ी हुई है। इस पूरे मामले पर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष घनश्याम वर्मा ने कहा कि केंद्र सरकार द्वेषपूर्ण राजनीति कर रही है और कांग्रेस नेताओं को निशाना बनाया जा रहा है। सरकार विपक्ष को दबाने का प्रयास कर रही है। इससे पहले भी ईडी ने छापेमारी की थी, जिसका प्रदेशभर में कड़ा विरोध हुआ था। कांग्रेस इस तरह की कार्रवाई का पुरजोर विरोध करती है और आने वाले समय में प्रदेश की जनता इसका करारा जवाब देगी। विरोध प्रदर्शन में आत्मा सिंह क्षत्रिय, रोहित शुक्ला, संजीत बनर्जी, थानेश्वर साहू, चुरावन मंगेसकर, संजय यादव, स्वतंत्र मिश्रा, दिलीप बंजारा, श्याम जायसवाल, दिलीप सोनी, कौशल सिंह क्षत्रिय, श्रीमती अनीता विश्वकर्मा राजा ठाकुर, पुरषोत्तम मार्को, लोकराम साहू सहित बडी संख्या में संगठन के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



### पेंड्रा कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

**पेंड्रा।** प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी महासचिव भूपेश बघेल एवं अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी सचिव एवं भिलाई विधायक देवेंद्र यादव तथा अन्य कार्यकर्ताओं के निवास एवं कार्यालय पर राजनीतिक दबाव में केंद्रीय एजेंसी सीबीआई द्वारा विद्धेषपूर्ण से कार्यवाही से नाराज प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर जिलाध्यक्ष उत्तम वासुदेव के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी द्वारा दुर्गा चौक पेंड्रा में भाजपा सरकार का पुतला दहन किया गया। उत्तम वासुदेव ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं विधायक देवेंद्र यादव के घर सीबीआई छापे को भाजपा की विद्धेषपूर्ण राजनीति करार दिया। कार्यक्रम में उत्तम वासुदेव, डॉ केके ध्रुव, मनोज गुप्ता, अशोक शर्मा, राकेश जालान, राकेश मसीह, पवन केसरवानी, इंटक जिलाध्यक्ष इदरीस अंसारी, जयदत्त तिवारी, मो सादिक, शारदा चरण पसारी, संतोष ठाकुर, चंद्रभान सिंह, शंकर पटेल,रवि राय, यश शर्मा, विद्या राठौर, प्रेमवती, मंजू ठाकुर, सुनीता तिमोथी, दानिश खान, पारस चौधरी, पारस वासुदेव, राका राठौर, मदन सोनी, बाबा गुप्ता, गजरूप सलाम, पवन नागवंश, हलधर,चन्द्रभान बेलझिरिया, उपेंद्र तिवारी, विकास शर्मा, अनिल ठाकुर, रियांश सोनी, आकाश केशरी, मनोज साहू, अनावरूलहक, रइस खान, राजीव राठौर आदि मौजूद थे।

## मां-बेटी से छीनाझपटी, 2 बदमाश गिरफ्तार

**सीपत पुलिस व एसीसीयू की टीम की ताबड़तोड़ कार्रवाई**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीपत

उज्वल नगर एनटीपीसी कॉलोनी निवासी उर्जा ठाकुर के साथ झपटमारी की घटना को अंजाम देने वाले दो बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। घटना 7 नवंबर 2024 की है, जब उर्जा ठाकुर अपनी मां मीना ठाकुर के साथ स्कूटी से नवाडीह चौक से एनटीपीसी कॉलोनी स्थित अपने घर लौट रही थीं।

रास्ते में एनटीपीसी कॉलोनी गेट के पास दो अज्ञात बाइक सवारों ने उनका पीछा करते हुए उनके गले से 7 ग्राम सोने की चेन छीन कर फरार हो गए थे। पीड़िता की रिपोर्ट पर सीपत थाना पुलिस ने धारा 304 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी गोपाल सतपथी और निरीक्षक राजेश मिश्रा की टीम ने सीसीटीवी फुटेज और साइबर डंप



रिकॉर्ड के आधार पर संदिग्धों की पहचान की। एसीसीयू बिलासपुर और सीपत पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में संदेही चंद्रप्रकाश यादव उर्फ छोटू उर्फ विक्की और शशिकांत उर्फ मोनू वैष्णव को हिरासत में लिया गया। पूछताछ में उन्होंने अपराध स्वीकार करते हुए लूटी गई सोने की चेन को राजेश उर्फ राजू सोनी, निवासी गया बिहार को बेचने की बात कबूल की। इसके आधार पर धारा 317 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर राजेश सोनी के खिलाफ भी विधिवत कार्रवाई की गई। पुलिस ने मुख्य आरोपियों चंद्रप्रकाश यादव और शशिकांत वैष्णव को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। मामले में चंद्रप्रकाश यादव उर्फ छोटू उर्फ विक्की पिता स्व कृष्ण कुमार उम्र 25 वर्ष निवासी गोसगाई मंदिर के पास रतनपुर थाना रतनपुर, बिलासपुर एवं शशीकांत उर्फ मोनू वैष्णव पिता रामलोचन उम्र 30 वर्ष निवासी लाईब्रेरी के बगल नूतन चैक सरकंडा थाना सरकंडा जिला बिलासपुर को गिरफ्तार किया गया है।


## गुमशुदा



नाम-अनिता यादव, उम्र-41 वर्ष एवं सोना यादव उम्र 10 वर्ष दिनांक 10.03.2025 अटल आवास, अशोक नगर सरकंडा, बिलासपुर (छ.ग.) से बिना बताये कही चला गयी है। उसके पास मेस्ट्रो EDGE CG 10 AJ 7375 टू व्हीलर है। जिनका अता-पता अभी तक नहीं चल पाया है। तुम मॉ, बेटी जहां कही भी हो घर आ जाओ। जिस किसी भी व्यक्ति को इनके बारे में जानकारी मिले कृपया कर इन नंबरों पर संपर्क करें-

**मो. 8878685063**

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल सिरगिट्टी तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

**सूचना**

क्र104/सीमांकन/जाँच/रा.नि./2024
दिनांक 21.03.2025

न्याय.ना.तह. अमित कुमार तिवारी आवेदक के बताए अनुसार समीपस्थ भूमि स्वामी 1. मनीराम 2. सदन तिवारी 3. अन्य सर्व सम्बंधित विषय : सीमांकन में उपस्थिति बाबत सन्दर्भ न्यायलय तहसीलदार/ अति.तहसीलदार/ ना. तहसीलदार बिलासपुर के ज्ञापन क्र आ. दि. 17.02.2025 आवेदव अमित कुमार तिवारी पि./प. संतोष तिवारी निवासी बिलासपुर के द्वारा ग्राम तिफरा प.ह.नं. 40 रा.नि.मंडल सिरगिट्टी तह. व जिला बिलासपुर स्थिति भूमि खसरा नं. 264/8 रकबा 0.010 ए./हे. के सीमांकन/जाँच हेतु आवेदन न्याय-तहसीलदार/अति.तहसीलदार/ना. तहसीलदार के समक्ष आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। संदर्भित न्यायलयीन आदेश के परिपालन में आवेदित भूमि का सीमांकन/जाँच दि. 03.04.2025 को समय 10 से 5 बजे किया जायेगा। आप भूमि से सम्बंधित दस्तावेज के साथ निर्धारित तिथि एवं समय को मौके पर अनिवार्य रूप से उपस्थित होवें। अनुपस्थित के लिए आप स्वयं जिम्मेदार होंगे एवं बाद की आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। टीपः- अपरिहार्य कारणों से सीमांकन की तिथि में परिवर्तन किया जा सकता है।

राजस्व निरीक्षक
रा.नि.म.-सिरगिट्टी
तहसील व जिला बिलासपुर

**आम सूचना**

मैं अमित कुमार तिवारी पिता श्री संतोष तिवारी निवासीः कपिल नगर, सरकण्डा, जिला-बिलासपुर का निवासी हूँ, जो कि इस आशय से आम सूचना प्रकाशित करा रहा हूँ कि मेरे नाम पर मौजा तिफरा प.ह.नं. 40 रा.नि.मं. बिलासपुर स्थित भूमि ख.नं. 264/8 रकबा 0.010 हे. भूमि का सीमांकन दिनांक 03.04.2025 को होना सुनिश्चित हुआ है।

अतः मेरे भूमि से लगा हुआ रोड एवं ख.नं. 266/1, 266/2,3,5,6,7 का लगा हुआ भूमि है। उक्त ख.नं. से संबंधित व्यक्ति सीमांकन दिनांक 03.04.2025 को उपस्थित होने की कृपा करें।

अस्तु सभी खातेदार को सूचित किया जाता है कि सीमांकन दिनांक 03.04.2025 को समय सुबह 10 से शाम 5 बजे तक रखा गया है जिसमें आप उपस्थित होवें साथ ही सूचना प्राप्त होने पर नीचे दिए नम्बर पर संपर्क करें। समय उपरांत उक्त सीमांकन कर दिया जावेगा। बाद में किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं होगी।
सो सूचना जाने।

**दिनांकः 28.03.2025**

प्रार्थी
अमित कुमार तिवारी
कपिल नगर, सरकण्डा, बिलासपुर (छग.)
मो. 8839064683

**न्यायालय नायब तहसीलदार बोदरी जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

-: ईश्तहार प्रकाशन :-

क्रमांक /क/वा.ना.तह. बोदरी/2025
बोदरी दिनांक 05/03/2025

एदत द्वारा ग्राम हरदी तहसील बोदरी जिला बिलासपुर छ.ग. के सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि प्रकरण में आवेदकगण मेघराज सिंह ठाकुर पिता गोकर्ण वगैरह निवासी जरहाभाठा बिलासपुर तहसील एवं जिला बिलासपुर छ.ग. के द्वारा ग्राम हरदी प.ह.न. 11 तहसील बोदरी में स्थित भूमि खसरा नंबर 354/1 रकबा 0.362 हे. भूमि आवेदकगण के स्वत्त्व, स्वामित्व एंव आधिपत्य की भूमि होने का उल्लेख करते हुए वादभूमि आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 115 छ.ग. भू.रा. संहिता 1959 के तहत रिकार्ड दुरूस्त किये जाने हेतु पेश किया गया है।

अत: उक्त आवेदित भूमि के संबंध में किसी भी व्यक्ति अथवा/आम जनता को दावा आपत्ति हो तो इस न्यायालय में दिनांक 28/03/2025 तक दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है, समयावधि पश्चात दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 05/03/2025 को मेरे हस्ताक्षर एंव न्यायालय के सील मोहर से जारी किया गया।

नायब तहसीलदार
बोदरी जिला बिलासपुर (छ.ग.)

**न्यायालय तहसीलदार सकरी तहसील सकरी, जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

क्रमांक//क/वा/तह./2025
सकरी, दिनांक 20.03.2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक/ आवेदिका रामकुशल कौशिक पिता/ पति दशरथ लाल कौशिक निवासी ग्राम परसदा पो.आ. तिफरा तह. बिलासपुर छ.ग. के द्वारा प्रस्तुत आवेदन अनुसार ग्राम सकर्री प.ह.नं. 39 रा.नि.मं. अमसेना व तहसील सकरी जिला बिलासपुर में स्थित भूमि खसरा नं. 420/1 रकबा 0.1580 हे. का अभिलेख सुधार किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

उक्त आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/ आपत्ति हो तो वह अपना दावा/ आपत्ति स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में नियत पेशी दिनांक 08.04.2025 के पूर्व इस न्यायालय में कार्यालयीन दिवस में प्रस्तुत कर सकते है, उक्त तिथि के पश्चात प्रकरण में प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 20.03.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील व मुहर से जारी किया गया।

नायब तहसीलदार
सकरी

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल जूना बिलासपुर, तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

**सूचना**

क्र/क/रा.नि./2025
जूना बिलासपुर, दिनांक 10.03.2025

प्रति, 1. बॉबी शुक्ला 2. मुरारका 3. चन्द्रलेखन 4. विनीता राव 5. सरस्वती राव 6. नंदिता राव 7. जोन कमिश्नर जोन क्र. (4) सर्वसंबंधित (समीपी भूमिस्वामियों की जानकारी ज्ञापन में दर्ज/ आवेदक के बताए अनुसार)
विषय:- सीमांकन में उपस्थित होने बावत।
संदर्भ:- न्यायलय तहसीलदार का ज्ञापन क्र./क/तह./वाचक/2025, बिलासपुर दिनांक 27.05.24

आवेदक बॉबी शुक्ला निवासी राजीव नगर के द्वारा ग्राम जूना बिलासपुर प.ह.नं. 36 रा.नि.मं. जूना बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर में स्थित भूमि खसरा नंबर 708/17 रकबा 0.0210 हे. के सीमांकन हेतु न्यायालय तहसीलदार बिलासपुर के समक्ष आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। संदर्भित न्यायालयीन ज्ञापन के परिपालन में आवेदित भूमि का सीमांकन दिनांक 01.04.25 को समय 12 PM-5PM बजे किया जायेगा। अतः आप भूमि से संबंधित दस्तावेज के साथ निर्धारित तिथि एवं समय को मौके पर अनिवार्यतः उपस्थित होवें। अनुस्थिति के लिए आप स्वयं जिम्मेदार होंगे और बाद की आपत्ति पर स्वीकार्य नहीं होगी। टीप: 1. आवेदक सीमाचिन्ह स्थापित करने हेतु आवश्यक सामग्री और मजदूर की व्यवस्था करें। 2. विशेष परिस्थिति में अपरिहार्य कारणों से सीमांकन तिथि में परिवर्तन किया जा सकता है।

राजस्व निरीक्षक
जूना बिलासपुर (छ.ग.)

**न्यायालय आयुक्त, बिलासपुर संभाग, बिलासपुर (छ.ग.)**

**नोटिस**

अपील प्रकरण क्रमांक 05/अ-27/ 2021-22
मौजा-लोखण्डी तहसील-तखतपुर
जिला-बिलासपुर

त्रिमुर्ति कंसट्रक्शन द्वारा बी. एन. मिश्रा निवासी नर्मदा नगर चौक बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर....अपीलार्थी **विरूद्ध** सीता बाई पति नरेश कुमार कहरा निवासी चांटीडीह बिलासपुर एवं 17 अन्य...उत्तरवादी

प्रति,
1. 3. कुंती बाई पति दाऊराम कहार, क. गोलू पिता दाऊराम, ख. सुशील पिता दाऊराम, ग. मनईया पिता दाऊराम, घ. सिक्का पिता दाऊ राम, छ. रेखा पिता दाऊराम सभी निवासी लोखण्डी तहसील तखतपुर जिला बिलासपुर (छ.ग.) 2. 7. लक्ष्मी पति नामालूम, निवासनी सतबहनिया मंदिर,देवरीडीह, बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) 3. 10. सुनीता बाई पिता स्व. श्री शीतला प्रसाद, निवासनी ग्राम लोखण्डी तहसील सकरी जिला बिलासपुर (छ.ग.) 4. 11. रामचंद्र पिता धनी राम निवासी ग्राम लोखण्डी तहसील सकरी जिला बिलासपुर (छ.ग.) 5. 12. चंदा बाई पिता धनीराम, निवासनी गुढ़ियारी-रायपुर (छ.ग.) 6. 13. सहोदरा बाई पति स्व. लक्ष्मण 7. 14 मनोज कुमार पिता स्व. श्री लक्ष्मण 8. 15. विकास कुमार पिता स्व. श्री लक्ष्मण 9. 16. विजयकुमार पिता स्व. श्री लक्ष्मण 10. 17. जीत कुमार पिता स्व. श्री लक्ष्मण,ना. बा. वली मां श्रीमती सहोदरा बाई बेवा लक्ष्मण क्रमांक 13 से 17 निवासी रतनपुर तहसील कोटा जिला बिलासपुर (छ.ग.) इस न्यायालय में विचाराधीन अपील प्रकरण क्रमांक 05/अ-27/2021-22 मौजा-लोखण्डी तहसील-तखतपुर जिला-बिलासपुर (छ.ग.) पक्षकार त्रमुर्ति कंसट्रक्शन विरूद्ध सीता बाई पति नरेश कुमार कहरा जो न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी तखतपुर के प्रकरण क्रमांक 161/अ-27/2020-21 में पारित आदेश दिनांक 11/08/2021 के विरूद्ध प्रस्तुत है, में आप उत्तरवादीगण के रूप में पक्षकार है। उपरोक्त अपील प्रकरण में सुनवाई हेतु पेशी दिनांक 08/04/2025 नियत है। अत: उपरोक्त अपील प्रकरण में नियत सुनवाई दिनांक 08/04/2025 को सुबह 11:00 बजे आप स्वयं उपस्थित होकर अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से अपना पक्ष प्रस्तुत करें। प्रश्नाधीन अपील प्रकरण में उपरोक्त सुनवाई तिथि में अनुपस्थित रहने पर आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही करते हुये प्रकरण का निराकरण किया जायेगा। आज दिनांक 20/03/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुद्रा से जारी किया गया।

आयुक्त
बिलासपुर संभाग, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल-सिरगिटटी तहसील-बिलासपुर जिला-बिलासपुर छ.ग.**

**सूचना**

क्रमांक...../..../सीमांकन/रा.नि./ 2025
दिनांक 27/3/2005

आवेदक :-राजेश शर्मा आवेदक के बताये अनुसार समीपस्थ भूमि स्वामी
1 उमा विश्वकर्मा 2 संतराम कश्यप 3 प्रेमा टोप्पो 4. दौलतराम खत्री।
विषय:- सीमांकन में उपस्थिति बाबत।
संदर्भ:- न्यायालय तहसीलदार / ना.तहसीलदार बिलासपुर के ज्ञापन क्र./तह./ना. तह./वा./ 2025 बिलासपुर दिनांक 17/2/2025

ग्राम सिरगिट्टी प.ह.नं. 43 रा.नि.मं. सिरगिटटी तहसील व जिला बिलासपुर स्थित भूमि ख.न. 207 रकबा 0.243 हे. के सीमांकन हेतु आवेदक/आवेदिका राजेन्द्र शर्मा पि./प. रामदास शर्मा निवासी राज किशोर नगर जिला बिलासपुर के द्वारा छ.ग. भू राजस्व संहिता 1959 की धारा 129 के प्रावधानों के तहत न्यायालय तहसीलदार/अति.तह. /ना. तहसीलदार बिलासपुर के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

संदर्भित न्यायालयीन आदेश के परिपालन में उपरोक्त भूमि का सीमांकन दिनांक 30/4/2025 समय 10 से 5 बजे किया जाना है। आप उक्त नियत तिथि में अपनी भूमि संबंधित दस्तावेज के साथ मौके पर उपस्थित होवे एवं उक्त समय पश्चात की गई आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

टीप:- अपरिहार्य कारणों से सीमांकन तिथि में परिवर्तन किया जा सकता है।

राजस्व निरीक्षक, जिला बिलासपुर

**न्यायालय नायब तहसीलदार -3 बिलासपुर**

मामले की श्रेणी: राजस्व

संदर्भ:- जिला- बिलासपुर तहसील-बिलासपुर प.ह.न.-00034 कुदुदंड ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक- CT202425 400108000059

**ईश्तहार**

तहसील बिलासपुर के प.ह.न. 00034 के अंतर्गत ग्राम कुदुदंड के वर्तमान भूमिस्वामी प्रीति दुबे पिता/पति-धर्मेंद्र दुबे पता-साकिन कुदुदंड के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 155/8 (0.0060) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता श्रीमती संगीता शर्मा पिता/पति-श्री सुधीर कुमार शर्मा पता-डाउस नं. 162, मुडपार, जिला बिलासपुर, छ.ग. के नाम पर पंजीयन/फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरुस्ती / खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 16/04/2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय नायब तहसीलदार-3 बिलासपुर पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपति स्वयं/अधिवक्ता/आममुख्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 26/03/2025 को जारी किया जाता है।

नायब तहसीलदार, तहसील बिलासपुर

**न्यायालय नायब तहसीलदार सकरी तहसील सकरी जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

क्रमांक/ना. तह./2025
सकरी दिनांक 18/3/2025

एदत द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि रामेश्वर प्रसाद सोनी पिता रामजीलाल निवासी महामाया विहार तहसील व जिला बिलासपुर से प्राप्त आवेदन अनुसार मौजा निरतु प.ह.नं.96 विकासखण्ड तखतपुर तहसील सकरी जिला बिलासपुर में खसरा नंबर 1837/2 ख रकबा 0.76 एकड़ भूमि स्थित है जिसके बंटवारें में रामेश्वर प्रसाद सोनी पिता रामजीलाल सोनी निवासी ग्राम निरतु को प्राप्त हुई है उक्त भूमि पर आवेदक शुरू से काबिज कास्त है परन्तु त्रुटिवश बी-1, खसरा में उक्त भूमि का उल्लेख छूट गया है जबकि ऋण पुस्तिका में भूमि इंद्राज है, खसरा प्राप्त करने पर पता चला कि त्रुटीवश अंकित नही हुआ है, जिसे सुधार किये जाने हेतु आवेदक द्वारा आवेदन इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

उक्त आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह अपना दावा/आपत्ति स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में नियत पेशी दिनांक 11.04.25 के पूर्व इस न्यायालय में कार्यालयीन दिवस में प्रस्तुत कर सकते है, उक्त तिथि के पश्चात प्रकरण में प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।
आज दिनांक 18.03.25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील व मुहर से जारी किया गया।

नायब तहसीलदार
सकरी

**आम सूचना**

ग्राम रतनपुर, प.ह.नं. 00037, रा.नि.मं. रतनपुर, जिला-बिलासपुर छ.ग. स्थित ख.न. 2398/1 रकबा 7.48 एकड़ भूमि जिसकी संयुक्त भूमि स्वामी सुनीता जाधव पिता स्व. श्याम राव कदम एवं श्रीमती सविता गायकवाड़ पिता स्व. श्याम राव कदम पत्नी श्री गोपाल राव गायकवाड़, निवासी वृहस्पतिबाजार के पास चाटापारा बिलासपुर द्वारा मेरे पक्षकार श्रीमती हेमा गायकवाड़ पत्नी श्री संजय गायकवाड़ निवासी मनेन्द्रगढ़ के पक्ष में उक्त रकबा में प्राप्त अपने हिस्से की 1/4 भाग की भूमि को विक्रय करने का विक्रय इकरारनामा दिनांक 15.11.2018 को निष्पादित कराया जा चुका है जिस संबंध में उपरोक्त दोनों विक्रेताओं के द्वारा मेरे पक्षकार से 5,00,000/-रू., 5,00,000/- रू. प्राप्त किया जा चुका है तथा शेष रकम पंजीयन के समय जब प्रकरण में चल रहे न्यायालयीन कार्यवाही की समाप्ति पर विक्रय पत्र का पंजीयन कराया जाना था। उक्त भूमि को विक्रय इकरारकर्ता द्वारा अन्य व्यक्ति को विक्रय किये जाने का प्रयास किया जा रहा है जिस संबंध में मेरे पक्षकार द्वारा न्यायालय के समक्ष दावा भी प्रस्तुत कर दिया गया है।

अतः उक्त भूमि को इस आम प्रकाशन के माध्यम से आम जन को आगाह किया जाता है कि उक्त भूमि के क्रय के संबंध में किसी भी प्रकार का सौदा श्रीमती सविता गायकवाड़ वगै. से न करें।

अधिवक्ता-प्रकाश कुमार शुक्ला
सिविल कोर्ट मनेन्द्रगढ़,
जिला-एमसीबी छ.ग.

**न्यायालय तहसीलदार बिलासपुर जिला बिलासपुर**

मामले की श्रेणी: राजस्व

संदर्भ :- जिला- बिलासपुर तहसील-बिलासपुर प.ह.न.-00033 चांटीडीह ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक-CG-2024-25-118-1-6451

**ईश्तहार**

तहसील बिलासपुर के प.ह.न. 00033 के अंतर्गत ग्राम चांटीडीह के वर्तमान भूमिस्वामी रेखा पवार पिता/पति-लेट नंदू पवार पता-किशानपारा चांटीडीह बिलासपुर के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 475/13 (0.0118) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता शकुन्तला भारद्वाज पिता/पति-बसंत भारद्वाज पता-किसानपारा चांटीडीह बिलासपुर के नाम पर पंजीयन/फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरुस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 04/04/2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय तहसीलदार बिलासपुर जिला - बिलासपुर पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं / अधिवक्ता / आममुख्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 17/03/2025 को जारी किया जाता है।

तहसीलदार तहसील बिलासपुर

**समक्ष नोटरी सिविल जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

**शपथ पत्र**

मैं अंजली कौशिक उम्र 27 वर्ष, पिता द्वारिका प्रसाद, पति रजत कौशिक जाति कुर्मी, निवासी ग्राम खरकेना तह. तखतपुर जिला बिलासपुर (छ.ग.) की हूं, जो कि निम्नलिखित कथन शपथ पूर्वक करती हूं। 1 यह कि, मैं उपरोक्त पते की मूल निवासी हूं। 2. यह कि, मेरे चयन सहायक शिक्षक के पद पर शासकीय प्राथमिक शाला नकटापारा वैकुण्ठपुर जिला कोरिया में हुआ है। 3. यह कि, मेरे समस्त शैक्षणिक दस्तावेजों में मेरा नाम अंजली पिता द्वारिका प्रसाद अंकित है। 4. यह कि, व्यवसायिक परीक्षा मण्डल के सहायक शिक्षक पद हेतु फार्म भरते समय पोर्टल में सरनेम मांगा जा रहा था, इसलिए फार्म भरते समय सरनेम कौशिक लिखी हूं। 5. यह कि अंजली पिता द्वारिका प्रसाद एवं अंजली कौशिक पति रजत कौशिक एक ही व्यक्ति है जो कि मैं स्वयं हूं। 6. यह कि, दस्तावेज परीक्षण के समय जिला शिक्षा कार्यालय बैकुण्ठपुर जिला कोरिया द्वारा मुझे मेरे शैक्षणिक प्रमाण पत्रों में जो अंजली लिखा है, उसके स्थान पर अंजली कौशिक के नाम से सुधारकर प्रस्तुत करने हेतु मौखिक रूप से निर्देशित किया गया है। 7. यह कि, छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल रायपुर कार्यालय में जाकर मेरे शैक्षणिक प्रमाण पत्रों में अंकित अंजली के स्थान पर अंजली कौशिक के नाम से नया प्रमाण पत्र देने हेतु संपर्क किया गया, तब छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल रायपुर के द्वारा कहा गया कि तुम्हारा नाम पूर्व के शैक्षणिक प्रमाण पत्रों में अब सुधार नहीं हो सकता। 8. यह कि, अंजली पिता द्वारिका प्रसाद एवं अंजली कौशिक पति रजत कौशिक एक ही व्यक्ति होने के समर्थन में यह शपथ पत्र निष्पादित कर रही हूं।

शपथकर्ती अंजली कौशिक

सत्यापन

मैं अंजली कौशिक उपरोक्त शपथकर्ती यह सत्यापित करती हूं कि शपथ पत्र की कंडिका 01 से 08 में वर्णित कथन मेरी जानकारी से सत्य व सही है, जिसे आज दिनांक 27/03/2025 को स्थान बिलासपुर (छ.ग.) में पढ़कर, समझकर, सही होना जानकर अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित की हूं।

शपथकर्ती अंजली कौशिक

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल मोपका तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

**सूचना**

क्रमांक/Q/ सीमांकन/रा.नि./2024
बिलासपुर दिनांक 03/03/2025

प्रति, 1. आवेदक अध्यक्ष राजस्व कर्मचारी गृह निर्माण सहकारी समिति मर्यादित चांटीडीह बिलासपुर आवेदक के बताए अनुसार समीपस्थ भूमि स्वामी 2. अनिल राठौर सा. लिंगियाडीह 3. मनोज शुक्ला सा. लिंगियाडीह 4. मंगल लाल पाटनवार सा. लिंगियाडीह 5. निरज उपाध्याय सा. लिंगियाडीह 6. अनिल दया चटर्जी सा. लिंगियाडीह 7. जोन कमिश्नर लिंगियाडीह 8. नरेन्द्र यादव/ अभय राम 9. शिला मानिकपुरी/ शौकीदास 10. वैभव सोनी एवं अन्य सभी हितबद्ध पक्षकार।
विषय:- सीमांकन में उपस्थिति बाबत।
संदर्भ:- न्यायालय तहसीलदार/ बिलासपुर के ज्ञापन क्रमांक Q/ तह. / ना.तह./वा. 2024 बिलासपुर, दिनांक 25/04/2023

ग्राम लिंगियाडीह प.ह.न. 31 रा.नि.मं. मोपका तहसील व जिला बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नं. 54/452 रकबा 1.60 एकड़ के सीमांकन हेतु आवेदक अध्यक्ष राजस्व कर्मचारी गृह निर्माण सहकारी समिति मर्यादित चांटीडीह बिलासपुर के द्वारा छ.ग. भू राजस्व संहिता, 1959 की धारा 129 के प्रावधानों के तहत न्यायालय तहसीलदार/ बिलासपुर को आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

संदर्भित न्यायालयीन आदेश के परिपालन में उपरोक्त भूमि का सीमाकंन दिनांक 01/04/2025 को समय 10:00 से 05.00 बजे के बीच किया जाना है। आप उक्त नियत तिथि में अपनी भूमि संबंधित दस्तावेज के साथ मौके पर उपस्थित होवें एवं उक्त समय पश्चात की आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

राजस्व निरीक्षक
मोपका बिलासपुर (छ.ग.)

## खबर संक्षेप

### पहली आईएसओ सर्टिफाइड ट्रेन बनी वंदेभारत एक्सप्रेस



**बिलासपुर।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर जोन में बिलासपुर से नागपुर के बीच चलने वाली वंदेभारत एक्सप्रेस को आईएसओ प्रमाणन प्राप्त हुआ है, जो उच्चतम गुणवत्ता मानकों, उत्कृष्ट प्रबंधन प्रणाली, सुरक्षा, स्वच्छता और यात्री संतुष्टि का प्रमाण है। यह उपलब्धि न केवल इस ट्रेन की विश्वसनीयता को बढ़ाती है, बल्कि भारतीय रेलवे की नवाचार और सेवा सुधार की प्रतिबद्धता को भी दर्शाती है। मंडल रेल प्रबंधक राजमल खोईवाल ने बताया कि यह प्रमाणन रेल कर्मचारियों की कड़ी मेहनत, समर्पण और उच्चतम सेवा मानकों को लागू करने की प्रतिबद्धता का परिणाम है। वंदेभारत एक्सप्रेस का रखरखाव कोचिंग डिपो बिलासपुर में किया जा रहा है। कोचिंग डिपो बिलासपुर के अधिकारियों, सुपरवाइजर और कर्मचारियों ने नई तकनीक से युक्त वंदेभारत रेक के संचालन में अपने कौशल, ज्ञान और अनुभव का प्रदर्शन करते हुए पूरी दक्षता के साथ संचालित किया है।

### रेलवेकर्मी के सूने मकान से लैपटाप चोरी, जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** दिनदहाड़े रेलवेकर्मी के सूने मकान में चोरों ने धावा बोल दिया। कीमती सामान हाथ नहीं लगने पर लैपटाप चोरी कर भाग गए। पुलिस चोरों का सुराग नहीं लगा पाई है। तारबाहर पुलिस के अनुसार, वायरलेस कालोनी निवासी रेलवेकर्मी करूणा हरिपाल 26 मार्च को दोपहर 1.30 बजे घर के दरवाजे में ताला लगाकर चाचा के घर चले गए थे। इसी दौरान चोरों ने उनके घर में धावा बोलकर आराम से पूरा मकान खंगाल डाला। कीमती सामान हाथ नहीं लगने पर लैपटाप चोरी कर भाग गए और किसी को भनक तक नहीं लगी। दोपहर 3.30 बजे श्री हरिपाल अपने घर आए तो ताला टूटा मिला। अंदर जाकर देखें तो पूरे कमरे में सामान अस्त व्यस्त पड़ा हुआ था। बेडरूम में रखा लैपटाप चोरी हो गई थी। सूचना पर पुलिस घर का मुआयना करने के बाद लौट गई। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ बीएनएस की धारा 305, 331, 4 के तहत जुर्म दर्ज कर खानापूर्ति कर लिया है। पुलिस चोरों का सुराग नहीं लगा पाई है।

### युवक से मारपीट कर चाकू से हमला

**बिलासपुर।** पुरानी रंजिश को लेकर युवकों ने एक युवक के साथ मारपीट कर चाकू से हमला कर दिया है। पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।



चकरभाठा पुलिस के अनुसार, वार्ड क्रमांक 5 अचानकपुर निवासी शिवा डेढ़े 26 मार्च को शाम 7 बजे अचानकपुर मोहल्ले से अपने घर जा रहे थे। उसी समय मोहल्ले के संत डेढ़े, सावन डेढ़े, श्रवण डेढ़े आए और पुरानी रंजिश का हवाला देते हुए एकराय होकर उनके साथ जमकर मारपीट करते हुए चाकू से हमला कर दिया। चाकूबाजी की वारदात से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। लोगों की भीड़ एकत्रित होने पर हमलावर भाग निकले। पुलिस ने शिवा की रिपोर्ट पर हमलावरों के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 296, 3, 5, 351, 2 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

# 1 करोड़ 75 लाख की ठगी करने वाले फरार पटवारी की अग्रिम जमानत अर्जी खारिज

- एक पखवाड़े बाद भी अन्य आरोपियों को नहीं पकड़ पाई पुलिस

**बिलासपुर।** फर्जी दस्तावेज से जमीन बेचकर रिटायर्ड सहायक आयुक्त से 1 करोड़ 75 रुपए की ठगी करने के मामले में फरार पटवारी ने कोर्ट में अग्रिम जमानत अर्जी लगाई। कोर्ट ने मामले की गंभीरता को देखते उसकी जमानत अर्जी खारिज कर दी है। इसके पूर्व जेल में बंद जमीन दलाल की जमानत याचिका खारिज हो गई है। इधर एक पखवाड़े बाद भी पुलिस अन्य आरोपियों को नहीं पकड़ पाई है।

ज्ञात हो कि उसलापुर अल्का एवेन्यू निवासी रिटायर्ड आदिवासी विभाग के सहायक आयुक्त अमरचंद बर्मन को फर्जी दस्तावेज दिखाकर सिंधी कालोनी निवासी राजकुमार उर्फ राजू बजाज नेहरू, नगर गीताजंली विहार निवासी विकास मांझी पिता चंडीचरण मांझी, राजेश पाण्डेय ने पटवारी सुरेश सिंह ठाकुर से सांठगाठ कर रिंग रोड टू में खसरा नम्बर 448 / 11 ग व खसरा नम्बर 448 / 37 के फर्जी दस्तावेज दिखाकर 1 करोड़ 75 लाख रुपए की ठगी



कर ली गई थी। पुलिस ने श्री बर्मन की रिपोर्ट पर जमीन दलाल विकास मांझी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। फरार आरोपी पटवारी सुरेश सिंह ठाकुर ने अधिवक्ता के माध्यम से कोर्ट में अग्रिम जमानत अर्जी लगाई।

गुरूवार को कोर्ट ने मामले की गंभीरता को देखते हुए उसकी जमानत अर्जी खारिज कर दी है। ज्ञात हो कि इसके पूर्व जेल में बंद जमीन दलाल विकास मांझी की जमानत अर्जी खारिज हो गई थी। एक तरफ फरार आरोपी जमानत लेने की कोशिश कर रहे है वहीं पुलिस फरार आरोपियों को पकड़ नहीं पा रही है। एक तरह से पुलिस की कार्रवाई शिथिल हो गई है। जबकि आरोपियों के द्वारा बड़ा गिरोह बनाकर अमेरी, सकरी में जमीन बेचने के नाम पर कई लोगों से ठगी किया गया है। उसके बाद भी पुलिस की कार्रवाई आगे नहीं बढ़ पा रही है।

### हुज्जतबाजी करने वाली मां बेटी नहीं पकड़ी गई

13 मार्च को पुलिस विकास मांझी को पकड़ने के बाद उसके घर दबिश देने गई तो उनकी पत्नी व बेटी उक्त मामले से संबंधित जमीन के दस्तावेज को छिपाकर घर से जा रही थी। पुलिस ने उन्हें रोकने की कोशिश तो मां बेटी ने जमकर हंगामा मचाते हुए महिला आरक्षक से हुज्जतबाजी की। पुलिस मां-बेटी के खिलाफ जुर्म दर्ज कर खानापूर्ति कर बैठ गई है। एक पखवाड़ा बीत जाने के बाद भी पुलिस उन दोनों खोज नहीं पाई है।

# हवलदार से मारपीट: एक पखवाड़े में नामजद आरोपियों को नहीं पकड़ पाई पुलिस

**बिलासपुर।** पुलिसिया कार्रवाई से क्षुब्ध होली मना रहे युवकों ने पाइंट ड्यूटी में तैनात हवलदार की जमकर पिटाई कर वर्दी फाड़ दी थी। पुलिस एक हमलावर को पकड़कर खानापूर्ति कर ली है। वहीं एक पखवाड़ा बीत जाने के बाद भी नामजद 5 हमलावरों को नहीं पकड़ पाई है। मजेदार बात यह है कि अपने ही स्टाफ के साथ मारपीट करने वाले हमलावरों को पकड़े में पुलिस रूची नहीं ले रही है और हमलावर बेखौफ घूम रहे हैं।

ज्ञात हो कि बंधवापारा गार्डन में तैनात प्रधान आरक्षक से मारपीट तोरवा थाने में पदस्थ प्रधान आरक्षक दुलार सायं की 14 मार्च होली के दिन हेमूनगर बंधवा तालाब के पास पाइंट ड्यूटी में तैनात थे। शाम लगभग 4 बजे बाम्बे आवास के युवक एकत्रित होकर बीच सड़क में नगाड़ा बड़ाकर पाइप से पानी डालकर हुड़दंग मचाते हुए होली खेल रहे थे, जिससे आने जाने वालों को परेशानी हो रही थी। सूचना पर टीआई अभय सिंह बैस पेट्रोलिग पार्टी के साथ मौके पर गए और हुड़दंग मचाने पर नगाड़ा व पाइप लेकर युवकों को खदेड़ दिया। पेट्रोलिंग पार्टी के कुछ दूर जाते ही नशे में धुत बाम्बे आवास निवासी लिल्लू उर्फ निर्मल मानिकपुरी अने अन्य साथियों के साथ मौके पर आकर पुलिसिया कार्रवाई से क्षुब्ध होकर पाइंट ड्यूटी में तैनात प्रधान आरक्षक दुलार सांय के साथ हुज्जबाजी करते हुए जमकर मारपीट करते हुए वर्दी फाड़ दी थी। पुलिस ने प्रधान आरक्षक साय की रिपोर्ट पर हमलावर लिल्लू उर्फ निर्मल मानिकपुरी, उसके भाई रवि मानिकपुरी, सुमीत वर्मा, आयूब खान एवं अन्य 2 युवकों खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 212, 1, 132, 221, 296, 3, 5, 351, 2 के तहत जुर्म दर्ज कर एक हमलावर को पकड़कर खानापूर्ति कर ली है। आलम यह है कि अपने ही थाने के स्टाफ के साथ गुण्डागर्दी कर मारपीट करने वाले नामजद हमलावरों को एक पखवाड़े के बाद भी नहीं पकड़ पाई है। ऐसे में अंदाजा लगाया जा सकता है, आमजनता की रिपोर्ट पर हमलावरों के खिलाफ क्या कार्रवाई होती होगी। मजेदारबात यह है कि तकनीकी साक्ष्य से दूसरे प्रदेश में छिपे आरोपियों को पकड़ने वाली पुलिस अपने ही स्टाफ के हमलावरों को पकड़ने में ढीला ढाला करने में लगी हुई है।

### रिपोर्ट लिखने में लेट लतीफी

घटना के दिन मारपीट के बाद प्रधान आरक्षक की रिपोर्ट लिखने में भी लेट ललीफी किया गया था। एक तरह से मामले को रफादफा करने की कोशिश की जा रही थी। काफी मशक्कत करने पर एसपी के निर्देश पर देर रात प्रधान आरक्षक आरक्षक की रिपोर्ट लिखी गई थी।

### पतासाजी की जा रही है

घटना के बाद एक हमलावर को गिरफ्तार कर लिया था। अन्य हमलावरों तलाश कर ठिकानों में दबिश दिया जा रहा है। शीघ्र ही पकड़ लिया जाएगा।

**-अभय सिंह बैस**, तोरवा टीआई

## नगर निगम की कार्रवाई बंद, सड़क पर पार्क की जाती हैं गाड़ियां

# कूलर, कबाड़, गुमटियां, दुकानों का सामान सड़क पर, लगता है जाम



तेलीपारा से मध्यनगरीय की ओर जाने वाली सड़क पर दुकान से लगता है जाम।



तेलीपारा में दुकान के बाहर फुटपाथ पर व्यापारियों का कब्जा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- जवाली नाले की सड़क पर सुबह से शाम तक जाम में फंसते है लोग

जवाली नाले पर बने करोड़ों रूपए की सड़क आम लोगों के लिए वैकल्पिक सड़क है, हजारों लोग सड़क से होकर अपने काम काज पर जाते हैं, लेकिन सड़क के दोनों ओर बनी दुकान यातायात में बाधा पहुंचा रही हैं।

हालत यह है कि कूलर, कबाड़, दुकानों के सामान और गुमटियां सड़क पर रखे जा रहे हैं, ऐसे में सड़क पर पार्किंग और चलने के लिए जगह नहीं बच पाती है। लोगों को तेज धूप में बेवजह जाम में खड़ा रहने को मजबूर होना पड़ रहा है, लेकिन नगर निगम और यातायात विभाग कार्रवाई करना ही भूल चुका है।

### जबरिया किया जा रहा है कचरा डंप

मिशन अस्पताल रोड से मध्यनगरीय जाने वाले मार्ग में आसपास के लोगों द्वारा जबरिया कचरा डंप किया जा रहा है। सालों से कचरा डंप होने के कारण यहां से आने जाने वालों को दिक्कतें झेलनी पड़ रही है। वहीं रात के समय उक्त मार्गों पर अंधेरा छाया रहता है। यहां से गुजरने वाले लोग काफी परेशान होते हैं। इसके बाद भी समस्या जस की तस है।



जूना बिलासपुर से तेलीपारा जाने वाली सड़क।

### दुकानदारों का कब्जा

मध्यनगरीय चौक से तेलीपारा के बीच सड़क पर अवैध कब्जा हो चुका है। यहां नगर निगम की दुकानें संचालित हैं, दुकानदार यातायात नियम का उल्लघंन करते हुए दुकानों के बाहर सामान रख रहे हैं। पानी की टंकी, टाइल्स और हाडवेयर के सामान, ग्रिल, गुमटियां, कूलर रखी जाती है, ऐसे में इन दुकानों में पहुंचने वाले ग्राहकों की गाड़ियां सड़क पर पार्क होती है, जिसके चलते जाम की स्थिति निर्मित होती है।



तेलीपारा में फुटपाथ पर रखा दुकान का सामान।

### नगर निगम की लापरवाही

सड़क बनाने के बाद नगर निगम ने सूध नहीं ली है, नगर निगम के कर्मचारी और अधिकारी भी सड़क से गुजरते हैं, लेकिन जगह-जगह पर हो रहे अवैध निर्माण अधिकारियों को दिखाई नहीं दे रहा है। बिना नियमों का पालन किए 2 से 3 मंजिल की दुकानें बनाई जा रही है, बिना ले आउट व नक्शे के निर्माण कार्य जारी है।

### सड़क पर अवैध पार्किंग

जवाली नाला जूना बिलासपुर के मुहाने पर दोनों ओर अवैध कार पार्किंग बन गई है। क्षेत्र के एक कांग्रेस नेता की गाड़ियां इसी मुहाने पर खड़ी रहती हैं, वहीं दूसरी ओर चलित मोबाइल दुकान खुल चुकी है, यहां वाहन पार्क रहता है, ऐसे में जाम की स्थिति में खासी दिक्कतें झेलनी पड़ रही है। खास बात यह है कि शनिचरी बाजार से फल ठेले हटने के बाद कई बार सड़क पर ठेले खड़े रहते हैं।



# बिलासपुर-कटनी सेक्शन में रेल लाइन के किनारे लगी आग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची रेलवे की टीम

एसईसीआर के बिलासपुर डिवीजन अंतर्गत बिलासपुर से कटनी सेक्शन के बीच रेल लाइन के किनारे जंगल में आग लग गई। इसकी सूचना पर तत्काल मौके पर पहुंची रेलवे की अग्निशमन टीम ने आग बुझाने का काम किया। आग और निकलने वाले धुएं के कारण ट्रेन परिचालन में परेशानी भी उठानी पड़ी।

दपूमरे बिलासपुर डिवीजन में बिलासपुर से झारसुगुड़ा के बीच चौथी लाइन का काम हो रहा है, तो बिलासपुर से कटनी सेक्शन के बीच तीसरी लाइन बिछाने का कार्य पेण्ड्रारोड और अनूपपुर से कटनी मुरवारा तक चल रहा है, जिसमें कई स्टेशनों के बीच काम कम्पलीट भी किया जा चुका है। जोन और डिवीजन में जिस-जिस स्थान पर रेल लाइन बिछाने का काम किया गया है, उन स्थानों पर रेल लाइन के किनारे घने जंगल है। इसमें सबसे अधिक जंगल और पहाड़ बिलासपुर से कटनी सेक्शन के बीच पड़ते हैं।

प्रतिवर्ष गर्मी के मौसम में जंगल में आग लगने की घटना होती है, जिसके लिए वन विभाग की टीम विशेष रूप से फायर वाचर की व्यवस्था करती है। वहीं बिलासपुर से कटनी सेक्शन के बीच रेल लाइन के किनारे जंगल में इस तरह की कोई भी सुविधा विभाग की ओर से नहीं दी गई है, जिसके कारण लाइन के किनारे जंगल में आग लग रहे हैं। इसी तरह की घटना गुरुवार की दोपहर एक बजे घुनघुटी स्टेशन के पहले रेलवे डाउन लाइन के किनारे पड़ने वाले जंगल में हुई। बिलासपुर से कटनी की ओर जा रही ट्रेन के चालक को अचानक धुआं दिखाई दिया। इस धुएं के कारण चालक को लाइन पर ट्रेन परिचालन करने में परेशानी हो रही थी। चालक ने इसकी सूचना तत्काल संबंधित विभाग को दी।

सूचना मिलने के दो घंटे बाद रेलवे की फायर एक्सटिंगाइज्ड की टीम दोपहर 3 बजे घटना स्थल पर पहुंची। इस दौरान आग की लपटे काफी तेज हो गई थी, जिसे बुझाने में काफी समय लग गया। करीब डेढ़ से दो घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। इसकी सूचना मिलने के बाद भी कोई भी वन विभाग का स्टाफ मौके पर नहीं पहुंचा। आग बुझने के बाद चालक ट्रेन को लेकर आगे की ओर रवाना हो गया।

### कर्मचारियों को दिया जाता है प्रशिक्षण

रेलवे के पास आग बुझाने के लिए किसी तरह के दमकल की कोई भी व्यवस्था नहीं है। आग की घटना ट्रेनों में सबसे अधिक होती है। हजारों वाट के ओएचई के साथ ट्रेनों के पेंट्रीकार में बनने वाले भोजन के कारण कई बार घटनाएं भी हो चुकी है। इसके लिए विशेष रूप से ट्रेन और स्टेशनों में अग्निशमन यंत्र भी रखा जाता है। रेलवे अग्निशमन यंत्र का उपयोग करने के लिए सप्ताह में सभी कर्मचारियों को प्रशिक्षण भी देती है, ताकि घटना पर तत्काल काबू पाया जा सके।

### बुझा ली गई थी आग

घुनघुटी स्टेशन के पास रेल लाइन के किनारे फारेस्ट का एरिया है। यहां आईओसी 937/2-8 सेक्शन डाउन लाइन पर किनारे जंगल में आग लगने की घटना हुई थी। इस घटना पर तत्काल काबू पा लिया गया था।

**-अनुराग कुमार सिंह**
सीनियर डीसीएम, रेल मंडल बिलासपुर

# 10 करोड़ की लागत से बनेगा आत्मानंद कालेज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- जमीन के बाद फंड की स्वीकृति
- चिचिरदा में बनेगा कालेज

दो साल बाद लोक निर्माण विभाग को शहर के नजदीक आत्मानंद इंग्लिश मीडियम कालेज बनाने की स्वीकृति मिल गई है। करीब 10 करोड़ की लागत से कालेज बनाई जाएगी। स्वीकृति मिलने के बाद अधिकारी स्टीमेट और तकनीकी स्वीकृति की तैयारी कर रहे हैं।

### भव्य बनाया जाएगा कालेज

जिले का पहला आत्मानंद कालेज भव्य बनाने की तैयारी की जा रही है, इसके लिए पर्याप्त जमीन भी राजस्व विभाग द्वारा मिल चुकी है, खास बात यह है कि महज 2 साल के भीतर कालेज बिल्डिंग का निर्माण किया जाएगा। हास्टल के साथ कालेज बनाने के लिए चिचिरदा का चयन किया गया है। अंग्रेजी माध्यम की पढ़ाई के लिए विशेष कक्षाओं का निर्माण किया जाएगा।

आत्मानंद इंग्लिश कालेज के पास स्वयं की बिल्डिंग नहीं है, ऐसे में पुराना हाईकोर्ट रोड स्थित सरकारी भवन में कालेज का संचालित किया जा रहा है, दो साल पहले बिल्डिंग निर्माण के लिए बजट में प्रावधान किया गया था, लोनिवि के अधिकारियों ने इसकी प्रशासकीय स्वीकृति के लिए फाइल वित्त और अन्य विभागों को भेजी थी, गुरूवार को इस संबंध में स्वीकृति पत्र लोनिवि को प्राप्त हो चुकी है।

बताया जा रहा है कि चिचिरदा स्थित 10 एकड़ शासकीय जमीन पर आत्मानंद कालेज की भव्य बिल्डिंग बनाई जाएगी। प्रारंभ में जी प्लस 1 फ्लोर का निर्माण किया जाना है। इसके लिए विभाग को 10 करोड़ रूपए की स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है। खास बात यह है कि विभाग ने छात्र-छात्राओं के लिए हास्टल निर्माण की स्वीकृति भी दी है, जिससे विद्यार्थी हास्टल में रहकर अंग्रेजी माध्यम में शिक्षा ग्रहण कर सकेंगे।

### लग सकता है 3 माह

प्रशासकीय स्वीकृति मिलने के बाद तकनीकी स्वीकृति के लिए फाइल भेजी जा रही है, स्टीमेट और ड्राइंग डिजाइन भी तैयार की जा रही है। जिसके बाद टेंडर लगाया जाएगा। इसमें 3 माह का समय लग सकता है।

**-वीएनके शास्त्री**
ईई, पीडब्ल्यूडी

### गोरखपुर में इंटरलाकिंग से ट्रेनें प्रभावित

**बिलासपुर।** गोरखपुर रेलवे स्टेशन में नान इंटरलाकिंग का कार्य किया जाएगा, जिसके कारण 12 अप्रैल से 3 मई तक ट्रेनों का परिचालन प्रभावित रहेगा। इसमें दूसरे जोन के साथ दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर जोन से चलने वाली चार ट्रेन भी शामिल हैं। रेलवे से मिली जानकारी के अनुसार अधोसंरचना विकास हेतु उत्तर पूर्व रेलवे गोरखपुर के लखनऊ रेल मंडल अंतर्गत गोरखपुर स्टेशन से गोरखपुर कैंट के बीच तीसरी लाइन को और गोरखपुर स्टेशन से लाइन को जोड़ने का कार्य करने के लिए नान इंटरलाकिंग किया जाएगा।

हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

07752-401052, 8770748558
9754160620, 9691735152

# विकसित एयरपोर्ट की मांग को लेकर भूख हड़ताल

**बिलासपुर।** हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति के महाधरने पर निषाद समाज द्वारा बिलासा देवी केंवट एयरपोर्ट के विकास के लिए 1 दिवसीय भूख हड़ताल किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में महिलाओं ने हिस्सा लिया। सदस्यों ने 4सी एयरपोर्ट के लिए 300 करोड़ का अनुदान और सेना के कब्जे की जमीन राज्य सरकार को वापस देने की मांग की।



गुरूवार को निषाद समाज के कार्यकर्ता हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति के धरना स्थल पहुंचकर एक दिवसीय भूख हड़ताल आंदोलन किया। सदस्यों ने कहा कि छत्तीसगढ़ का दूसरा प्रमुख शहर समाज के आराध्य देवी बिलासा के नाम पर बसा है। राज्य सरकार ने एयरपोर्ट का नाम बिलासा देवी केंवट रखा है। इससे पूरे समाज की निष्ठा और भावनाएं जुड़ी है। गत 1 मार्च 2021 को एयरपोर्ट का उद्घाटन किया गया और अब 4 साल बीत चुके हैं। लेकिन एयरपोर्ट पर उन्नयन और विकास का काम नहीं हो सका है। बड़े विमान की लैंडिंग, नाइट लैंडिग सुविधा, विकसित और अत्याधुनिक टर्मिनल महज कागजों में सिमट चुके हैं।

प्रदेश उपाध्यक्ष मछुआरा समाज हरप्रसाद कैवर्त, बीएस निषाद, ज्योति निषाद, राजकुमार निषाद आदि वक्ताओं ने पीएम मोदी से 300 करोड़ रुपए के अनुदान की घोषणा करने की मांग की है। धरने में वरिष्ठ सदस्य रवि बनर्जी, रणजीत सिंह खरोजा, शिव मुरलिया, राकेश शर्मा, महेश दुबे टाटा, अशोक भंडारी आदि ने प्रदर्शनकर्ता व आंदोलनकारी का जूस पिलाकर आंदोलन समाप्त कराया।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 17,000/-
8 रात व 9 दिन
EX हरिद्वार
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री
02 मई से 10 मई 2025, 07 मई से 15 मई 2025, 18 मई से 26 मई 2025, 25 मई से 02 जून 2025, 04 जून से 12 जून 2025
राशिः- स्टैंडर्ड पैकेज 17,000/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411